**बीजापुर ( विश्व परिवार )।** राज्य की पालीटेक्निक संस्थाओं में प्रवेश हेतु संचालनालय तकनीकी शिक्षा छत्तीसगढ़ शासन के अधीन काउंसिलिंग द्वारा प्रवेश की समय सारणी के अनुसार प्रथम चरण 11 जून 2026, द्वितीय चरण 26 जून 2026 एवं अंतिम चरण 11 जुलाई 2026 से संपादित होना है। जिला बीजापुर में संचालित पालीटेक्निक में सिविल, मैकेनिकल एवं इलेक्ट्रिकल में तीन वर्षीय डिप्लोमा पाठ्यक्रम संचालित हो रहे हैं। काउंसिलिंग की सम्पूर्ण प्रक्रिया एवं प्रवेश संबंधी विस्तृत जानकारी हेतु इच्छुक अभ्यर्थी मोबाइल नम्बर 9584846620, 9399971057 पर सम्पर्क कर जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

# सीएम हेल्पलाइन 1076 का शुभारंभ: अब एक कॉल पर सुनी जाएगी जनता की हर समस्या

## सीएम साय ने कहा - सुशासन, पारदर्शिता और जवाबदेही को मिलेगी नई मजबूती

**रायपुर (विश्व परिवार)।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने आज मंत्रालय महानदी भवन में राज्य की बहुप्रतीक्षित सीएम हेल्पलाइन 1076 का बटन दबाकर शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने सीएम हेल्पलाइन प्रणाली के आधिकारिक लोगो का भी विमोचन किया। कार्यक्रम में मंत्रिपरिषद के सदस्यगण तथा वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारीगण उपस्थित थे।



मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि राज्य सरकार का स्पष्ट संकल्प है कि प्रदेश के प्रत्येक नागरिक की समस्या सुनी जाए, उसका समयबद्ध समाधान सुनिश्चित किया जाए तथा शासन-प्रशासन को और अधिक जवाबदेह बनाया जाए। उन्होंने कहा कि सुशासन तिहार के दौरान प्रदेशभर से प्राप्त शिकायतों, सुझावों और जनप्रतिसाद ने एक प्रभावी, सशक्त एवं स्थायी जनसंपर्क तंत्र की आवश्यकता को रेखांकित किया। इसी सोच के साथ सीएम हेल्पलाइन प्रणाली विकसित की गई है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि अब प्रदेशवासी टोल फ्री नंबर 1076 पर अपनी शिकायतें दर्ज करा सकेंगे, सुझाव दे सकेंगे तथा शासन की योजनाओं और सेवाओं के संबंध में फीडबैक भी साझा कर सकेंगे। यह प्रणाली सुशासन, पारदर्शिता और जवाबदेही को नई मजबूती प्रदान करने के साथ-साथ जनता और शासन के बीच विश्वास के रिश्ते को और सशक्त बनाएगी।

मुख्यमंत्री श्री साय ने बताया कि डिजिटल युग की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए हेल्पलाइन को व्हाट्सएप प्लेटफॉर्म से भी जोड़ा गया है, जिससे नागरिक मोबाइल के माध्यम से आसानी से अपनी बात सरकार तक पहुंचा सकेंगे। उन्होंने कहा कि यह प्रणाली अपने व्यापक दायरे के कारण विशेष महत्व रखती है। इसमें राज्य शासन के 42 विभागों के लगभग 8 हजार अधिकारी जुड़े हुए हैं तथा 1195 श्रेणियों में निर्धारित समय-सीमा के भीतर शिकायतों के निराकरण की व्यवस्था की गई है।

उन्होंने बताया कि प्रत्येक शिकायत को एक यूनिक आईडी प्रदान की जाएगी, जिससे आवेदक अपने आवेदन की स्थिति को ऑनलाइन ट्रैक कर सकेगा।

# समपार फाटक जागरूकता अभियान के अवसर पर नुक्कड़ नाटक का आयोजन

**रायपुर (विश्व परिवार)।** अंतर्राष्ट्रीय समपार फाटक जागरूकता दिवस के अवसर पर दिनांक 6 जून से 12 जून तक दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे रायपुर रेल मंडल के संरक्षा विभाग के द्वारा समपार फाटक जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है, जिसके तहत दिनांक 9 जून को दयानंद, मंडल रेल प्रबंधक/रायपुर के नेतृत्व में वाकाथन का आयोजन किया गया, जो मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय से शुरु होकर समपार फाटक क्रमांक - 417 पर बैनर लगाकर एवं पामपलेट बाटकर तथा इसी समपार फाटक पर स्काउट एवं गाइड के बच्चों के द्वारा नुक्कड़ नाटक कर लोगों को जागरूक किया गया तथा कार्यालय का मुख्य द्वार पर संपन्न हुआ। इस वाकाथन में मंडल रेल प्रबंधक/रायपुर के साथ साथ अपर मंडल रेल प्रबंधक/ रायपुर , वरिष्ठ मंडल संरक्षा अधिकारी/रायपुर तथा अन्य शाखा अधिकारी एवं मंडल के अन्य अधिकारी भी मौजूद थे। इस अवसर जनमानस के ध्यानाकर्षक हेतु श्री निशांत मुदलियार के नेतृत्व में स्काउट एवं गाइड के द्वारा समपार फाटक क्रमांक - 417 (खमतराई फाटक) पर नुक्कड़ नाटक का प्रदर्शन किया गया। इस कार्यक्रम में अधिकारी , संरक्षा सलाहकार, सिविल डिफेंस वोलैंटियर, स्काउट गाईड, आरपीएफ एवं अन्य कर्मचारी को मिलाकर कुल 180 लोगों ने भाग लिया । दिनांक 08.06.26 को संरक्षा अधिकारियों एवं सलाहकारों, सिविल डिफेंस वोलैंटियर एवं स्काउट गाईड के द्वारा विभिन्नन समपार फाटकों जैसे सेरीखेडी गेट(समपार फाटक-RV-20), जोरा गेट (समपार फाटक-RV-10), स्टेडियम गेट(समपार फाटक-RV-17), ओटगन गेट (समपार फाटक-375), दगोरी गेट, चैनगंज गेट (समपार फाटक DD-33), खापरी गेट (समपार फाटक-DD-46), बाघमारा गेट(समपार फाटक-DD-48) तथा दुर्ग, मंदिरहसौद, लखोली, दगोरी, बालोद, निपनियां, सिकोसा एवं लाटाबोर स्टेशन तथा दगोरी मार्केट एरिया एवं पेट्रोल पंप तथा ट्रेन क्रमांक- 68760, 58203, 78815 में जाकर लोगों को पॉमप्लेट वितरण करके , स्टीकर चिपका कर एवं बैनर लगाकर लोगों को फाटक बंद होने पर उसे पार न करने की काउंसलिंग की गई तथा समपार फाटक को सही तरीके से पार करने एवं इससे संबंधित अन्य महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान करते हुए कुल लगभग 960 लोगों की काउंसिलिंग की गई।



# रेड क्रॉस सोसाइटी के लिए राडा ने कलेक्टर को सौंपा एक लाख रुपए का चेक

**रायपुर (विश्व परिवार)।** सामाजिक उत्तरदायित्व के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को आगे बढ़ाते हुए रायपुर ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशन (RADA) द्वारा रेड क्रॉस सोसाइटी के लिए 1,00,000 की सहयोग राशि का चेक रायपुर कलेक्टर श्री गौरव कुमार को सौंपा गया।




इस अवसर पर RADA के अध्यक्ष श्री रविंदर भसीन, उपाध्यक्ष श्री कैलाश खेमानी, श्री विवेक गर्ग, श्री अभिनव ऋषि तथा क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी (RTO) रायपुर श्री आशीष देवांगन उपस्थित थे। कार्यक्रम के दौरान RADA के अध्यक्ष श्री रविंदर भसीन ने कलेक्टर श्री गौरव कुमार को संस्था द्वारा समय-समय पर किए जा रहे विभिन्न सामाजिक कार्यों एवं ष्टस्क्र गतिविधियों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि RADA केवल ऑटोमोबाइल व्यवसाय तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज के प्रति अपने दायित्वों का भी निरंतर निर्वहन करती रही है। हाल ही में संस्था द्वारा दृष्टिबाधित विद्यार्थियों के लिए संचालित विद्यालय को एक बस प्रदान की गई थी। इसके अतिरिक्त RADA द्वारा सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान, हेलमेट जागरूकता कार्यक्रम, यातायात सुरक्षा से जुड़े विभिन्न आयोजन तथा अन्य अनेक सामाजिक एवं जनहितकारी गतिविधियां लगातार संचालित की जाती रही हैं। श्री कैलाश खेमानी ने कलेक्टर को आश्वस्त किया कि भविष्य में भी समाज, प्रशासन अथवा किसी जरूरतमंद संस्था को सहयोग की आवश्यकता होगी तो RADA सदैव आगे बढ़कर सहयोग प्रदान करेगी।

# अवैध रेत उत्खनन पर बड़ी कार्रवाई, तीन चैन माउंटेन मशीन और एक हाईवा वाहन जब्त

- केंद्रीय खनि उड़नदस्ता एवं जिला स्तरीय संयुक्त टीम की कार्रवाई

**रायपुर (विश्व परिवार)।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में प्रदेश में खनिज संसाधनों के अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण पर प्रभावी नियंत्रण के लिए लगातार सख्त कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में खनिज विभाग की केंद्रीय खनि उड़नदस्ता एवं जिला स्तरीय संयुक्त टीम द्वारा जिला गरियाबंद में बड़ी कार्रवाई की गई है।

खनिज विभाग के सचिव और संचालक के निर्देशानुसार केंद्रीय खनि उड़नदस्ता की संयुक्त टीम ने दिनांक 08 जून 2026 को औचक निरीक्षण के दौरान जिला गरियाबंद के तहसील राजिम अंतर्गत ग्राम कुरुसकेरा स्थित पैरी नदी में गौण खनिज साधारण रेत के अवैध उत्खनन एवं मशीनों के माध्यम से नियम विरुद्ध रेत उत्खनन का मामला पाया। जांच के दौरान खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम, 1957 की धारा 21 के तहत कार्रवाई करते हुए तीन चैन माउंटेन मशीनों को जप्त कर सील किया गया। साथ ही खदान संचालक एवं मशीन मालिकों को जवाब प्रस्तुत करने हेतु नोटिस जारी किया गया है। इसके अतिरिक्त अवैध रेत परिवहन में संलिप्त एक हाईवा वाहन को भी जप्त कर राजिम थाना में सुरक्षार्थ खड़ा कराया गया है।




कार्रवाई के दौरान केंद्रीय खनि उड़नदस्ता की संयुक्त जांच टीम तथा जिला स्तरीय अधिकारियों की टीम उपस्थित रही। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने कहा है कि राज्य सरकार प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण तथा खनिज संपदा के नियमानुसार उपयोग के लिए प्रतिबद्ध है। अवैध उत्खनन एवं परिवहन में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध किसी भी स्तर पर समझौता नहीं किया जाएगा तथा दोषियों पर नियमानुसार कठोर कार्रवाई जारी रहेगी।

# निगम ने डुंडा दर्री तालाब के पास बने अवैध कब्जा को हटाया



**रायपुर (विश्व परिवार)** आज रायपुर नगर निगम आयुक्त श्री संबित मिश्रा के निर्देश पर नगर निगम जोन 10 नगर निवेश विभाग की टीम द्वारा जोन 10 क्षेत्र में वार्ड 54 में जानकी नगर में लगभग 6000 वर्गफीट क्षेत्र में किये गए अवैध निर्माण को हटाने की अभियान चलाकर कार्यवाही तहसीलदार रायपुर और जोन 10 जोन कमिश्नर के मार्गनिर्देशन में क्षेत्र के सम्बंधित पटवारी और नगर निगम जोन 10 अभियंताओं की उपस्थिति में की गयी. अभियान के तहत नगर निगम जोन 10 के वार्ड 53 में डुंडा में दर्री तालाब के पास लगभग 10 हजार वर्गफीट क्षेत्र में किये गए बिना अनुमति अवैध कब्जे को नगर निगम जोन 10 नगर निवेश टीम द्वारा तोड़ने की अभियानपूर्वक कार्यवाही की गयी.

# मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076 सुशासन और पारदर्शिता की दिशा में ऐतिहासिक कदमः शताब्दी पाण्डेय

**रायपुर (विश्व परिवार)।** भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश प्रवक्ता शताब्दी पाण्डेय ने छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार द्वारा जनसमस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए शुरू की गई सीएम हेल्पलाइन 1076 और ऑनलाइन पोर्टल की अनूठी पहल का) स्वागत करते हुए इसे प्रदेश में सुशासन, पारदर्शिता और जवाबदेही की दिशा में एक बड़ा और ऐतिहासिक कदम बताया है।भाजपा प्रदेश प्रवक्ता श्रीमती पाण्डेय ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की सरकार जनता के प्रति पूरी तरह संवेदनशील है। अब तक छत्तीसगढ़ के नागरिकों को अपनी छोटी-बड़ी शिकायतों के लिए दफ्तरों के चक्कर काटने पड़ते थे, लेकिन अब इस नई हेल्पलाइन के जरिए प्रदेश के आम नागरिकों को सीधे मुख्यमंत्री सचिवालय तक अपनी बात पहुँचाने का सीधा मौका मिलेगा।



# सुशासन तिहार में मिले 37 लाख से अधिक आवेदनों का निराकरण करने का दावा खोखला : दीपक बैज

**रायपुर (विश्व परिवार)।** सरकार का दावा है कि सुशासन तिहार में उसके पास कुल 36.67 लाख आवेदन आये तथा उसमें से 32.95 लाख आवेदन का निराकरण हो गया। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि सरकार का यह दावा पूरी तरह से कागजी है। 32.95 लाख आवेदनों को संबंधित विभाग को भेजने मात्र को ही सरकार निराकरण मान कर चल रही है, जबकि आम आदमी की समस्या यथावत है। जब समस्या का समाधान नहीं हुआ तब उसे निराकरण बताना जनता के जले पर नमक छिड़कना है। सरकार झूठ बोल रही कि सिर्फ 81 हजार आवेदन लंबित है जबकि सरकार के पास 9 लाख से अधिक आवेदन तो केवल राजस्व विभाग के बंटवारे, नामांतरण, फौती चढ़ान, नक्शा बटांकन जैसी समस्याओं के है। आय, मूल निवासी प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र बनाने के आवेदनों की संख्या सर्वाधिक होने के दावे तो खुद सरकार कर रही है। पुल-पुलिया, सड़क, रास्ते निर्माण, बिजली जैसी समस्याओं के निराकरण के आवेदन केवल संबंधित विभाग में फारवर्ड करके सरकार निराकृत बता रही है।



# पत्रकारिता गौरव मार्तंड उत्सव की सफलता पर रायपुर प्रेस क्लब ने जताया आभार

- मीडिया संस्थानों से लिए सुझाव

**रायपुर (विश्व परिवार)।** रायपुर प्रेस क्लब द्वारा आयोजित पत्रकारिता गौरव मार्तंड उत्सव के सफल आयोजन के उपरांत प्रेस क्लब के पदाधिकारी प्रदेश के प्रमुख समाचार पत्रों एवं समाचार चैनलों के संचालकों और संपादकों से मुलाकात कर उनका आभार व्यक्त कर रहे हैं। इस दौरान उत्सव की उपलब्धियों, आगामी चरणों में आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रमों तथा पत्रकार हित से जुड़ी गतिविधियों की रूपरेखा पर भी चर्चा की जा रही है और वरिष्ठ मीडिया प्रतिनिधियों से महत्वपूर्ण सुझाव लिए जा रहे हैं।



इसी क्रम में रायपुर प्रेस क्लब के प्रतिनिधिमंडल ने हरिभूमि के प्रधान संपादक हिमांशु द्विवेदी, तरुण छत्तीसगढ़ के संपादक प्रकाश शर्मा, नवप्रदेश के प्रधान संपादक यशवंत धोते, अग्रदूत के प्रधानसंपादक संजय सक्सेना, संपादक के के शर्मा, आईबीसी24 के प्रधान संपादक रविकांत मित्तल तथा स्वदेश के प्रधान संपादक जी.पी. मिश्रा से सौजन्य भेंट की तथा उन्हें पत्रकारिता गौरव मार्तंड उत्सव का प्रतीक चिन्ह (लोगो) भेंट कर सम्मानित किया।

रायपुर प्रेस क्लब के अध्यक्ष मोहन तिवारी ने कहा कि पत्रकारिता गौरव मार्तंड उत्सव को मीडिया संस्थानों, पत्रकार साथियों और समाज के विभिन्न वर्गों से अभूतपूर्व समर्थन मिला है। यह आयोजन पत्रकारिता के गौरव, उसकी परंपराओं और समाज के प्रति उसकी जिम्मेदारियों को रेखांकित करने में सफल रहा है। उन्होंने कहा कि प्रेस क्लब भविष्य में भी पत्रकारों के हित, प्रशिक्षण, संवाद और सम्मान से जुड़े कार्यक्रमों को और व्यापक स्वरूप देगा।

**जागरूकता** स्वच्छता तथा कचरा पृथक्करण के महत्व से अवगत कराया गया

# ठोस अपशिष्ट प्रबंधन एवं पर्यावरण संरक्षण के संबंध में जन-जागरूकता अभियान का किया गया आयोजन

**बिलासपुर (विश्व परिवार)।** छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल, क्षेत्रीय कार्यालय बिलासपुर द्वारा नगर निगम बिलासपुर के सहयोग से ठोस अपशिष्ट प्रबंधन एवं पर्यावरण संरक्षण के संबंध में व्यापक जन-जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। अभियान के अंतर्गत रेलवे स्टेशन परिसर, प्रमुख बाजार क्षेत्रों तथा सार्वजनिक स्थलों पर जागरूकता रैली निकाली गई एवं नागरिकों को स्वच्छता तथा कचरा पृथक्करण के महत्व से अवगत कराया गया।







कार्यक्रम के दौरान स्कूली विद्यार्थियों द्वारा नुक्कड़ नाटक की प्रभावशाली प्रस्तुति देकर आमजन को ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के प्रति जागरूक किया गया। साथ ही नागरिकों के मध्य पाम्पलेट वितरित कर कचरे के वैज्ञानिक निपटान एवं स्रोत स्तर पर पृथक्करण की जानकारी प्रदान की गई।

अभियान में बताया गया कि पूर्व में प्रचलित दो डस्टबिन व्यवस्था (गीला एवं सूखा कचरा) के स्थान पर अब चार रंगों के डस्टबिनों का उपयोग किया जा रहा है, जिसके अंतर्गत हरा डस्टबिन गीले एवं जैविक कचरे, नीला डस्टबिन सूखे एवं पुनर्चक्रण योग्य कचरे, लाल डस्टबिन सैनिटरी अपशिष्ट तथा काला डस्टबिन घरेलू खतरनाक एवं विशेष अपशिष्ट के संग्रहण हेतु निर्धारित किया गया है। इस व्यवस्था का उद्देश्य कचरे का स्रोत स्तर पर पृथक्करण सुनिश्चित कर पर्यावरण प्रदूषण को कम करना एवं पुनर्चक्रण को बढ़ावा देना है।

अधिकारियों द्वारा नागरिकों से सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग को न्यूनतम करने, प्लास्टिक अपशिष्ट को पृथक रूप से एकत्रित कर पुनर्चक्रण हेतु उपलब्ध कराने तथा पर्यावरण अनुकूल जीवनशैली अपनाने का आह्वान किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित नागरिकों को बताया गया कि प्लास्टिक अपशिष्ट का उचित प्रबंधन एवं पुनर्चक्रण प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण तथा स्वच्छ एवं स्वस्थ पर्यावरण के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।







प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी प्रियेश कुमार जैन द्वारा आसमां पब्लिसर्स इंडिया प्रा.लि. पंजाब नेशनल बैंक के सामने, जयस्तंभ चौक, रायपुर से मुद्रित एवं ओलंपस जिम के पीछे, सेक्टर-1, शंकर नगर रायपुर ( छ.ग. ) से प्रकाशित। संपादक : प्रदीप कुमार जैन, फोन नं. : 0771- 4017966, मो.- 9981924252 RNI.NO.CHHHIN/2013/50354

# संपादकीय

## सात-सूत्री अपील

सवा दो महीनों तक आर्थिक मजबूती का गैर-जरूरी दिखावा करने के बाद आखिरकार अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने चुनौतीपूर्ण वैश्विक परिस्थितियों का मुकाबला करने के लिए सात-सूत्री अपील भारतवासियों से की है। तो आखिर ये नौबत आ पहुंची। प्रधानमंत्री को डॉलर और तेल- गैस बचाने के लिए आम नागरिकों से अपील करनी पड़ी है। सवा दो महीनों तक आर्थिक मजबूती का गैर-जरूरी दिखावा करने (मुमकिन है जारी चुनाव के कारण किया गया हो) के बाद अब नरेंद्र मोदी ने चुनौतीपूर्ण वैश्विक परिस्थितियों का मुकाबला करने के लिए सात-सूत्री अपील भारतवासियों से की है। कहा है कि ऊर्जा बचाने के लिए उन्हें वर्क फ्रॉम होम को तरजीह देनी चाहिए, सार्वजनिक परिवहन का उपयोग कर पेट्रोल- डीजल की खपत घटानी चाहिए, और रसोई ईंधन के इस्तेमाल में कटौती करनी चाहिए। विदेशी मुद्रा खर्च ना हो, इसके लिए साल भर उन्हें सोना नहीं खरीदना चाहिए, स्वदेशी उत्पादों का ज्यादा इस्तेमाल करना चाहिए, और विदेश यात्रा से बचना चाहिए। साथ ही रासायनिक उर्वरकों का इस्तेमाल घटाने के लिए कुदरती खेती की ओर जाना चाहिए। ये बातें ऊर्जा, डॉलर, और उर्वरकों की संभावित किल्लत की ओर इशारा करती हैं। ईरान युद्ध ने विश्व ऊर्जा बाजार के स्वरूप को फिलहाल बदल दिया है। इसकी मार उन तमाम देशों पर पड़ी है, जिनके पास अपना ऊर्जा स्रोत नहीं है और अच्छे दौर में रणनीतिक भंडार बना लेने की बात जिनके दिमाग में नहीं आई। फिलहाल, बाजार में कच्चा तेल उपलब्ध है, लेकिन उसके लिए (फरवरी की तुलना में) सवा से डेढ़ गुनी ज्यादा कीमत चुकानी पड़ रही है। इससे विदेशी मुद्रा भंडार पर दबाव तेजी से बढ़ा है। इसी बीच विदेशी निवेशकों की भारत से पैसा निकालने के तेज होती गई रफ्तार और रुपये की कीमत में आई भारी गिरावट ने संकट और बढ़ा दिया है। उधर पश्चिम एशिया से घटे आयात के कारण उर्वरक में इस्तेमाल होने वाले केमिकल्स का अभाव हो गया है, जिससे खाद्य संकट की आशंकाएं गहराई हैं। ऐसे में कई देश पहले ही ऊर्जा एवं डॉलर बचाने के उपाय अपना चुके हैं। मगर भारत में बात तब शुरू हुई है, जब पानी सिर तक पहुंच गया है। तब भी बात सिर्फ नागरिकों तक है। जो भारतीय कंपनियां अरबों डॉलर का अमेरिका में कर रही हैं, उनमें देशभक्ति की भावना जगाने का आह्वान अभी नहीं किया गया है।

# देश के विकास के लिए 12 वर्षों में अनेक कीर्तिमान गढ़ रहे पीएम मोदी

### देश की सुरक्षा एवं प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी 10 जून को संवैधानिक चुनाव पद्धति से चयनित सबसे अधिक कार्यकाल वाले



प्रधानमंत्री हो जायेंगे । मोदी देश के प्रथम प्रधानमंत्री श्री जवाहरलाल नेहरू का 4398 दिनों का रिकॉर्ड ध्वस्त कर 4399 दिन अपनी देश सेवा के पूर्ण करेंगे । प्रधानमंत्री मोदी अपने मुख्यमंत्री एवं प्रधानमंत्री दोनों के कार्यकाल को जोड़कर 25 वर्षों के साथ ही 9007 दिनों की अनवरत राष्ट्र सेवा को भी पूर्ण करेंगे । यह उत्साही ,अविश्रांत, अनथक कर्मयोगी की यात्रा है । देश के विकास के लिए अनेक कीर्तिमान गढ़ने वाले कठोर निर्णयों के लिए तो 12 वर्षों का उनका कार्यकाल अविस्मरणीय रहेगा ही साथ-साथ देश की सुरक्षा के लिए भी उनके योगदान और भुलाया नहीं जा सकता । राष्ट्र प्रथम के सिद्धांत का अनुपालन करते हुए उन्होंने आतंकवाद से प्रति जीरो टॉलरेंस (ँश्वक्रह्र ञ्जह्रुश्वक्रन्ह्रष्टश्व) की नीति को अपनाया । 13 जून 2014 को भारतीय सेना के साउथ ब्लॉक में स्थित रक्षा वॉर रूम में सेना उच्च अधिकारियों के साथ संवाद एवं रक्षा तैयारियों की समीक्षा कर ही अपनी सुरक्षा के प्रति प्राथमिकता को स्पष्ट कर दिया था । जब समस्त देश दीपावली पर दीपों से अपने-अपने घरों को प्रकाशमान करता है तब प्रधानमंत्री सीमा पर सुरक्षा में तैनात जवानों के बीच में उपस्थित रहकर देश उनके साथ है ऐसा संदेश देते हैं । सियाचिन से प्रारंभ कर 12 वर्षों में 12 स्थानों पर जाकर उन्होंने अपनी सीमा सुरक्षा के प्रति प्रतिबद्धता प्रकट की है । आचार्य चाणक्य ने राष्ट्र की सुरक्षा के संदर्भ में कहा था कि मजबूत सेना के बिना राष्ट्र सुरक्षित नहीं रह सकता 7 1962 में चाइना युद्ध में हमारी पराजय तथा 1964 में चाइना के परमाणु परीक्षण के बाद निर्मित निराशाजनक स्थिति से उबारने के लिए भारत को भी परमाणु शक्ति युक्त होना चाहिए , यह मांग जनसंघ ने 4 दिसम्बर 1964 को पटना अविवेशन में की थी । तब कांग्रेस सहित समस्त दलों ने इस माँग का उपहास किया था । जनसंघ के इसी संकल्प की पूर्ति को 11 मई 1998 को प्रधानमंत्री श्री अटल बिहारी वाजपेयी ने पोखरण विस्फोट कर पूर्ण किया था । प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के आने के बाद 2014 रक्षा विभाग का बजट 2.27 लाख की तुलना में 3 गुना 7.85 लाख करोड़ हो गया । आज हम 100 से अधिक देशों को अपने रक्षा उत्पाद बेच रहे हैं । अब हमारा निर्यात में 2014 की तुलना में 686 करोड़ से बढ़कर 2025 -26 में 38424 करोड़ अर्थात 56 गुना वृद्धि हुई है । अब हम हाइपर सोनिक मिसाइल , ब्रह्मोस ,बैलिस्टिक मिसाइल , एयर डिफेन्स एवं रडार सिस्टम को ध्वस्त करने वाले रुद्रम -2, प्रलय , आकाश एयर डिफेन्स मिसाइल बना रहे हैं । भारत का स्वदेशी आईएनएस विक्रांत, राफेल, एस - 400 विमानों से हम युक्त हैं 7 आर्मेनिया ने येरेवान रिपब्लिक स्क्वायर में भारत में बनी आकाश एयर डिफेन्स मिसाइल एवं पिनाका रॉकेट लौनचर्स का प्रदर्शन भारतीयों को मस्तक ऊँचा करता हैं । 15 अगस्त 2025 को लाल किला से प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि स्वदेशी क्षमताओं, मेड इन इंडिया हथियारों ने सिद्ध किया कि राष्ट्रीय सुरक्षा विदेशी निर्भरता पर नहीं टिक सकती 7 इसी का परिणाम ऑपरेशन सिंदूर में हमारी सेना ने 22 मिनट में ही सभी निर्धारित लक्ष्य पूर्ण कर किए थे । 72000 करोड़ की लागत से तैयार होने वाली ग्रेट निकोबार परियोजना भारत की आर्थिक समृद्धि, सामुद्रिक रणनीति एवं सुरक्षा का आधार बनेगी । सेना में स्वदेशी रक्षा उत्पाद, रक्षा बजट में वृद्धि, सेना के आधुनिकीकरण के साथ-साथ आंतरिक सुरक्षा पर सफलता प्राप्त करना ऐतिहासिक कदम है । 2014 से पूर्व पाकिस्तान प्रेरित आतंकवाद चरम पर था 7 केवल कश्मीर ही नहीं देश का कोई शहर सुरक्षित नहीं था । मुंबई, जयपुर, दिल्ली, काशी सहित अनेक आतंकी घटनाएं आज भी हमको विचलित करती हैं । सुरक्षाबलों को आधुनिक शस्त्र, बुलेट प्रूफजैकेट, टेरर फंडिंग पर रोक हेतु NO MONEY FOR TERROR जैसे कड़े कदम , FATF के माध्यम से वित्तीय दबाव के साथ सर्जिकल एवं बालाकोट एयर स्ट्राइक के माध्यम से आतंकी नेटवर्क को ध्वस्त करने का कार्य किया 7 ऑपरेशन सिंदूर ने पाकिस्तान में स्थापित आतंकी केंद्रों का सफाया एवं पाकिस्तान के सुरक्षा तंत्र को ध्वस्त किया । 370 को हटाने का ऐतिहासिक निर्णय कर देश की एकात्मता को सुदृढ़ किया है । इस ऐतिहासिक दिन को देश ही नहीं सम्पूर्ण विश्व स्मरण करेगा जब हमने कहा कि 31 मार्च 2026 वामपंथ प्रेरित नक्सलवाद से हम मुक्त हो रहे हैं । 2024 में 126 जिले नक्सलवादी आतंक से युक्त थे । 2024 में ही केवल 290 नक्सली मारे गए। 1090 गिरफ्तार हुए 7 881 ने आत्मसर्पण कर भारत की मुख्यधारा में लौटने



का संकल्प किया 7 अब बस्तर सहित सभी नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में विकास की बयार बह रही है । घुसपैठिये देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था, सुरक्षा के लिए खतरा एवं जनसांख्यिकी असंतुलन निर्माण कर रहे हैं । भारत सरकार ने इस संकट से उबरने के लिए डिटेक्ट , डिलीट , डिपोर्ट नीति के अंतर्गत कठोर कार्यवाही की है । सीमा की निगरानी को सख्त किया है । बंगाल भाजपा विजय के पश्चात् बांग्लादेशी घुसपैठियों की बांग्लादेश की ओर वापसी की लाइन हम देख रहे हैं । 15,106 किलोमीटर सीमा सोती रेखा से जागती दीवार लक्ष्य में Laser Wall, Vibration sensors, Night vision camera का उपयोग हो रहा है। सीमा सुरक्षा के लिए 49 ल बजट वृद्धि कर 5597 करोड़ निर्धारित किया गया है अदृश्य युद्ध के माध्यम से भारत की साइबर सुरक्षा को चुनौती देने का कार्य भारत विरोधी शक्तियां कर रही हैं। राज्यसभा में प्रस्तुत रिपोर्ट के अनुसार भारत ने लगभग 54 लाख साइबर शिकायतों एवं 31594 करोड़ रुपयों के ठगी के प्रयासों का सामना करने में भारत सफल रहा 7 भारत सरकार ने 2024 में साइबर कमांडो व्यवस्था निर्माण का साइबर सुरक्षा प्रदान करने की व्यवस्था की है । DCYA (DEFENCE CYBER AGENCY) एवं ढ्ढ4ष्ट के माध्यम से समन्वय कर साइबर सुरक्षा के क्षेत्र में प्रयास हो रहा है । देश को नशामुक्त बनाने हेतु व आतंकवाद जैसी समस्याओं के आय के प्रमुख स्त्रोत ड्रग्स के गैर कानूनी व्यापार पर करारा प्रहार करते हुए लगातार उनको जब्त किया जा रहा है 7 2024 में ही 25,330 करोड़ रुपये के ड्रग्स की जब्ती इस बात का पुख्ता प्रमाण है 7 सीमा सुरक्षा में महत्वपूर्ण योगदान सीमावर्ती गाँव में बसे ग्रामीणों का रहता है । उनके मन में अपने प्रति उपेक्षा भाव न रहे इसलिए प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने 15 अगस्त 2023 में कहा, ये अंतिम गाँव नहीं, भारत माँ के प्रथम गाँव है । VVP (VIBRANT VILLAGES PROGRAM) PHASE 1 -2 के अंतर्गत 4121 गाँवों के विकास के लिए लगभग 11639 करोड़ का बजट निर्धारित किया है जिसके द्वारा मौसम अनुकूल सड़क ( ALL WEATHER ROAD), सौर उर्जा, मोबाइल कनेक्टिविटी, शिक्षा स्वास्थ्य एवं पर्यटन का ढांचा खड़ा किया जा रहा है । 2023 में लालकिला के मैदान में 600 सीमावर्ती गाँवों के सरपंचों की सहभागिता ने सीमा एवं दिल्ली का संगम कर दिया है । अपने पंच प्रण के संकल्प में भारत को गुलामी की मानसिकता से मुक्ति का आह्वान भी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने किया था । इसका अनुपालन करते हुए ऑपनिवेशिक मानसिकता से मुक्ति एवं भारतीय स्वाभिमान में वृद्धि के अनेक प्रयास हुए हैं । IPC, CRPC की धारायें अब भारतीय न्याय संहिता हो गई है । राजपथ अब कर्तव्यपथ , 7 रेस कोर्स रोड- 7 लोक कल्याण मार्ग , प्रधानमंत्री कार्यालय - सेवा तीर्थ एवं राजभवन - लोकभवन हो गए हैं । ष्टष्ठस् की नियुक्ति ने तीनों सेनाओं में समन्वय किया है । नेवी का प्रतीक चिन्ह अब ब्रिटिश दासता का स्मरण नहीं छत्रपति शिवाजी का स्मरण कराता, तिरंगे में अष्टकोणीय चिन्ह के साथ शिवाजी की राजमुद्रा से अंकित एवं वेद मंत्र शं नो वरुण: एवं अशोक स्तम्भ का स्मरण कराता है। गणतंत्र दिवस के पश्चात् सेना द्वारा आयोजित बीटिंग रिट्रीट (BEATING RETREAT) परेड में अब अंग्रेजी धुन नही प्रसिद्ध गायिका स्वर्गीय लता मंगेशकर द्वारा रचित देशभक्ति गीत ए मेरे वतन के लोगो ने स्थान ले लिया है 7 सेना में महिला सहभागिता , सैनिक स्कूलों में वृद्धि एवं अग्निवीर योजना से सुरक्षा तंत्र में समाज की सहभागिता बढ़ेगी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के ऐतिहासिक सुरक्षा के प्रति किए गए निर्णय सदैव स्मरण किए जाएंगे । राष्ट्र की संप्रभुता, आर्थिक विकास, शांति सभी के लिए सुरक्षा अनिवार्य शर्त है। सुरक्षा के प्रति किए गए उपायों का ही परिणाम है कि आज देश गरीब कल्याण, ढांचागत एवं आर्थिक विकास कर अपने सांस्कृतिक मूल्यों को संरक्षित करते हुए विश्व में अपना गौरवपूर्ण स्थान बना रहा है। भारत सुरक्षा के प्रति सजग रहते हुए 2047 तक विकसित भारत के अपने लक्ष्य प्राप्ति में सफल हो, यह सभी नागरिकों का संकल्प बनना चाहिए ।

शिवप्रकाश
(राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री, भाजपा )

## आलेख

# पीएम स्वनिधि: गुज़ारे से आत्मनिर्भरता की ओर

पीएम स्वनिधि भारत की अनाधिकारिक शहरी अर्थव्यवस्था में काम करने वाले आपूर्तिकर्ताओं को सहायता देने वाली एक बड़ी पहल के तौर पर उभरी है। बिना किसी गारंटी के ऋण देने के अलावा, इस योजना ने डिजिटल तरीकों को अपनाने को बढ़ावा दिया है, संस्थागत ऋण तक पहुंच को बेहतर बनाया है और सामाजिक सुरक्षा के दायरे को बढ़ाया है। वर्ष 2020 में शुरू होने के बाद से, अब तक 1.12 करोड़ से ज़्यादा ऋण वितरित किए जा चुके हैं। इस पहल से शहरों और कस्बों में 75 लाख से ज़्यादा लाभार्थियों को फ़ायदा हुआ है। इस योजना के तहत 17,800 करोड़ रुपये से ज़्यादा के ऋण दिए गए हैं। इसका असर न सिर्फ़ सरकारी आंकड़ों में दिखता है, बल्कि उन लोगों की रोज़मर्रा की ज़िंदगी में भी नज़र आता है जो अपनी आजीविका को ज़्यादा मज़बूत और टिकाऊ बना रहे हैं। किसी भीड़भाड़ वाले बाज़ार में सब्ज़ी बेचने वाला और किसी व्यस्त दफ़्तर के बाहर चाय बेचने वाला—ये भारतीय शहरों में आम नज़ारे हैं। गलियों में घूमकर फल बेचने वाला और सड़क के किनारे फुटपाथ पर जूते ठीक करने वाला मोची भी रोज़मर्रा की शहरी ज़िंदगी के लिए उतने ही ज़रूरी हैं। ये लाखों रेहड़ी-पटरी वाले मिलकर हर दिन भारत की शहरी अर्थव्यवस्था को चलाते रहते हैं। वे स्थानीय बाज़ारों और आस-पड़ोस की आपूर्ति श्रृंखला को बनाए रखते हुए किफ़ायती सामान और ज़रूरी सेवाएं देते हैं। हालांकि, औपचारिक ऋण तक उनकी पहुंच बहुत कम थी, जिसकी वजह से कई विक्रेताओं को बहुत ज़्यादा ब्याज दरों पर अनौपचारिक ऋण पर निर्भर रहना पड़ता था। उनकी इन मुश्किलों को दूर करने के लिए, जून 2020 में %प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेंडर्स आत्मनिर्भर निधि% (पीएम स्वनिधि) योजना शुरू की गई। यह अपनी तरह की पहली सूक्ष्म वित्त (माइक्रो-क्रेडिट) पहल थी, जो रेहड़ी-पटरी वालों पर केंद्रित थी और जिसे सरकार की क्रेडिट गारंटी का सहारा मिला हुआ था। इस योजना का मकसद रेहड़ी-पटरी वालों को स्वरोज़गार, स्वावलंबन और स्वाभिमान देना था। आज, पीएम स्वनिधि सिर्फ़ एक ऋण देने वाली सामान्य योजना से कहीं आगे बढ़कर एक देशव्यापी आंदोलन बन गई है, जो भारत की अनौपचारिक अर्थव्यवस्था में काम करने वाले लाखों लोगों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने, डिजिटल दुनिया से जोड़ने और सामाजिक सुरक्षा देने का काम कर रही है। पिछले कुछ वर्षों में, इस योजना ने देश भर के शहरों और कस्बों में ज़बरदस्त तरक्की की है। 75.5 लाख से ज़्यादा लाभार्थियों ने 1.12 करोड़ से ज़्यादा ऋण लिए हैं, जिनकी कुल रकम 17,800 करोड़ रुपये से ज़्यादा है। इस योजना के तहत 55 लाख से ज़्यादा लाभार्थियों को डिजिटल माध्यम से जोड़ा गया है। एक साथ मिलकर, उन्होंने लगभग 8.96 लाख करोड़ रुपये के 841 करोड़ से ज़्यादा डिजिटल ट्रांज़ैक्शन किए हैं। पीएम स्वनिधि के तहत लाभार्थियों को डिजिटल कैशबैक प्रोत्साहन और ब्याज सब्सिडी के ज़रिए लगभग 800 करोड़ रुपये भी मिले हैं। इन मज़बूत उपलब्धियों और महसूस किए जाने वाले प्रभाव को देखते हुए, इस योजना को मार्च 2030 तक बढ़ा दिया गया है। कार्यशील पूंजी ऋण: बिना किसी गारंटी के 15,000 रुपये, 25,000 रुपये और 50,000 रुपये के ऋण, ब्याज सब्सिडी और क्रेडिट गारंटी सहायता के साथ, तीन चरणों में दिए जाते हैं। यूपीआई -लिंक्ड रुपे क्रेडिट कार्ड: जो विक्रेता दूसरे चरण का ऋण सफलतापूर्वक चुका देते हैं, वे 30,000 रुपये तक की सीमा वाले यूपीआई -लिंक्ड रुपे क्रेडिट कार्ड के लिए पात्र होते हैं। डिजिटल प्रक्रिया को अपनाना: डिजिटल प्रक्रिया को अपनाने और वित्तीय साक्षरता को बढ़ावा देने के लिए, स्ट्रीट वेंडरों को खुदरा/थोक डिजिटल ट्रांज़ैक्शन के लिए 1,600 रुपये तक के कैशबैक प्रोत्साहन दिए जाते हैं। स्वनिधि से समृद्धि (एसएसएस): लाभार्थियों और उनके परिवारों का सामाजिक-आर्थिक विश्लेषण किया जाता है, ताकि उन्हें आठ चुनी हुई केंद्रीय कल्याणकारी योजनाओं से जोड़ा जा सके और एक व्यापक सामाजिक सुरक्षा जाल बनाया जा सके। क्षमता निर्माण और उद्यमिता विकास: विक्रेताओं को एफएसएसएआई के सहयोग से वित्तीय साक्षरता, डिजिटल साक्षरता, और खाद्य सुरक्षा और स्वच्छता में प्रशिक्षण दिया जाता है।

# भारत के विकास का आधार: आधारभूत संरचना

पिछले एक दशक में, भारत ने परिवहन, आवास, जल, ऊर्जा, रसद और डिजिटल नेटवर्क सहित विभिन्न क्षेत्रों में ढ़ांचागत निर्माण में नई रफ्तार हासिल की है। बड़े पैमाने पर किए गए निवेशों से आवागमन में सुधार हुआ है, सेवा वितरण मजबूत हुआ है, डिजिटल पहुंच व्यापक हुई है और विभिन्न क्षेत्रों में आर्थिक गतिविधियों को समर्थन मिला है। प्रगति, पीएम गतिशक्ति, राष्ट्रीय रसद नीति, सागरमाला, पीएम-वानी, जल जीवन मिशन और उड़ान जैसी एकीकृत नियोजन पहलों ने एक जुड़े हुए और प्रतिस्पर्धी भारत की परिकल्पना को आकार दिया है। इन पहलों ने प्रतिस्पर्धात्मकता को बढ़ाया है और भारत को एक आधुनिक और एकीकृत अर्थव्यवस्था की ओर अग्रसर होने में सहयोग दिया है।

**राष्ट्र निर्माण के साधन के रूप में आधारभूत संरचना** आधारभूत संरचना आज पूरे देश में रोजमर्रा की जिंदगी और अनुभवों को आकार देती है। सड़कें, रेलवे, हवाई अड्डे, डिजिटल नेटवर्क, आवास, जल आपूर्ति और स्वच्छ ऊर्जा प्रणालियों ने ज़रूरी सेवाओं तक पहुंच का विस्तार किया है। इन प्रणालियों ने लोगों के यात्रा करने, डिजिटल रूप से जुड़ने और आर्थिक गतिविधियों में भाग लेने के तरीके को भी प्रभावित किया है। 2014 के बाद से, आधारभूत संरचना विकास तेजी से व्यापकता, एकीकरण और दीर्घकालिक क्षमता निर्माण पर केंद्रित हो गया है। इस अवधि के दौरान एक बड़ा बदलाव आधारभूत संरचना नियोजन का एकीकरण था, जो पहले की खंडित परियोजना क्रियान्वयन की प्रथा के उलट था। सार्वजनिक पूंजीगत व्यय वित्त वर्ष 2014-15 में लगभग 2 लाख करोड़ रुपये से बढ़कर वित्त वर्ष 2026-27 में 12.2 लाख करोड़ रुपये हो गया। यह सभी क्षेत्रों में दीर्घकालिक ढ़ांचागत निर्माण पर निरंतर ध्यान केंद्रित करने को दर्शाता है। सागरमाला, भारतमाला, पीएम गतिशक्ति, पीएमएवाई, जल जीवन मिशन, पीएम उज्ज्वला योजना और उड़ान जैसी प्रमुख परियोजनाओं ने अवसंरचना तक पहुंच का विस्तार किया। इन पहलों ने ढ़ांचागत विकास को घरेलू कल्याण, आर्थिक अवसर और क्षेत्रीय विकास से जोड़ा।

**गतिशीलता और संपर्क** परिवहन नेटवर्क आर्थिक एकीकरण की रीढ़ की हड्डी हैं। राजमार्गों और रेल मार्गों से लेकर हवाई अड्डों, जलमार्गों और शहरी परिवहन प्रणालियों तक, परिवहन के विभिन्न साधनों में किए गए निवेश ने संपर्क को और मजबूत किया है। ये नेटवर्क मिलकर एक अधिक सुगम और एकीकृत गतिशील तंत्र का निर्माण कर रहे हैं।

**रेलवे** भारतीय रेलवे के बुनियादी ढांचे में 2014 से व्यापक परिवर्तन हुए हैं, जिससे परिचालन में क्षमता, दक्षता, सुरक्षा और सेवा वितरण में सुधार हुआ है। बजटीय सहायता 2014-15 में लगभग ?32,000 करोड़ से बढ़कर वित्त वर्ष 2026-27 में ?2.78 लाख करोड़ हो गई, जो लगभग नौ गुना वृद्धि है। विद्युतीकरण में तेजी से प्रगति हुई है, जो 2014 से पहले लगभग 20ल नेटवर्क से बढ़कर मार्च 2026 तक 99.6ल हो गया। कुल 69,873 किलोमीटर मार्ग का विद्युतीकरण किया गया है, जिससे ऊर्जा दक्षता में सुधार हुआ है और जीवाश्म ईंधन पर निर्भरता कम हुई है। इस परिवर्तन से परिचालन लागत में भी कमी आई है और पर्यावरण के अनुकूल रेलवे संचालन को बढ़ावा मिला है। भारत की स्वदेशी वंदे भारत ट्रेनें बेहतर गति, आराम और ऑनबोर्ड तकनीक प्रदान करके आधुनिक रेल यात्रा को और भी बेहतर बनाती हैं। अप्रैल 2026 तक, देश भर में 162 वंदे भारत सेवाएं परिचालन में हैं। 16 और 20 कोच वाली अधिक क्षमता वाली ट्रेनों से यात्रियों की सुविधा और आवागमन में सुधार हो रहा है। जनवरी 2026 में शुरू हुई वंदे भारत स्लीपर में पहले तीन महीनों में 119 ट्रिप में 1.21 लाख यात्रियों ने सफर किया, जिसमें 100ल सीटें भरी रहीं। भारतीय रेलवे ने अमृत भारत एक्सप्रेस के ज़रिए किफायती लंबी दूरी की यात्रा को भी बढ़ावा दिया है। कुल 60 ट्रेन सेवाएं अब चालू हैं, जिससे निम्न और मध्यम आय वर्ग के परिवारों के लिए संपर्क और यात्री सुविधा में सुधार हुआ है। भारत मुंबई-अहमदाबाद हाई-स्पीड रेल (एमएएचएसआर) कॉरिडोर के साथ अपने हाई-स्पीड रेल बुनियादी ढांचे को आगे बढ़ा रहा है, जिसका निर्माण कार्य वर्तमान में जारी है। 508 किलोमीटर लंबे इस कॉरिडोर को 320 किमी प्रति घंटे तक की गति से चलने के लिए डिज़ाइन किया गया है और यह उन्नत रोलिंग स्टॉक, सिग्नलिंग और ट्रेन नियंत्रण प्रणालियों द्वारा समर्थित है। केंद्रीय बजट 2026-27 में देश भर में सात नए हाई-स्पीड रेल कॉरिडोर की योजनाओं की भी घोषणा की गई। अमृत भारत स्टेशन योजना (2023) रेलवे स्टेशनों के आधुनिकीकरण और यात्री सुविधाओं में सुधार के लिए शुरू की गई थी। इस योजना के तहत, चिन्हित 1,338 स्टेशनों में से 208 स्टेशनों पर पुनर्विकास कार्य पूरा किया गया। सुरक्षा प्रणालियों और परिचालन उन्नयन ने रेलवे नेटवर्क में विश्वसनीयता को भी मजबूत किया। ट्रेनों की समयबद्धता 77ल से अधिक हो गई, जिसमें 24 डिवीजनों ने 90ल से अधिक समय पर चलने का प्रदर्शन हासिल किया। भारत की स्वदेशी स्वचालित ट्रेन सुरक्षा प्रणाली कवच के ज़रिए रेल सुरक्षा को और मजबूत किया गया है। यह तकनीक ट्रेनों की गति पर नज़र रखती है और टक्करों और असुरक्षित संचालन को रोकने के लिए स्वचालित रूप से ब्रेक लगाती है। कवच प्रणाली को 3,103 किलोमीटर मार्ग पर लागू किया जा चुका है, जबकि प्रमुख गलियारों में 24,427 किलोमीटर मार्ग पर इसका कार्यान्वयन जारी है यह प्रणाली 4,277 लोकोमोटिव पर भी स्थापित की जा चुकी है और 8,979 लोकोमोटिव पर कार्य प्रगति पर है। कवच संस्करण 4.0 को दिल्ली-मुंबई, दिल्ली-हावड़ा और प्रयागराज-कानपुर जैसे प्रमुख मार्गों पर चालू कर दिया गया है। परिणामस्वरूप, ट्रेन दुर्घटनाएं 2014-15 में 135 से घटकर 2025-26 में 16 रह गईं। समर्पित कार्गो अवसंरचना और मल्टीमॉडल प्रणालियों के माध्यम से माल ढुलाई और लॉजिस्टिक्स एकीकरण में भी सुधार हुआ है। पीएम गति शक्ति योजना के तहत, 139 टर्मिनल चालू हो गए हैं, जबकि 300 अतिरिक्त स्थानों के विकास को मंजूरी दी गई है। इन टर्मिनलों ने कार्गो हैंडलिंग दक्षता को बढ़ाया है, पारगमन में देरी को कम किया है और विभिन्न क्षेत्रों में आपूर्ति श्रृंखला संपर्क को मजबूत किया है। प्रमुख आधारभूत संरचना परियोजनाओं ने दुर्गम भूभागों और रणनीतिक क्षेत्रों में संपर्क को मजबूत किया है। चेनाब पुल (2025): चेनाब नदी से 359 मीटर ऊपर स्थित, यह विश्व का सबसे ऊंचा रेलवे मेहराब पुल है। 1,315 मीटर लंबी यह स्टील से बना पुल तेज हवाओं और भूकंपीय स्थितियों का सामना करने के लिए निर्मित है। यह पुल जम्मू और श्रीनगर के बीच संपर्क को मजबूत करता है और यात्रा के समय को कम करता है। अंजी खड़ पुल (2025): अंजी खड़ पुल जम्मू और कश्मीर में भारत




का पहला केबल-स्टे रेलवे पुल है। यह पुल क्षेत्र में आवागमन, पर्यटन और आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा दे रहा है। पंबन पुल (2025): भारत का पहला वर्टिकल-लिफ्ट रेलवे समुद्री पुल उन्नत तटीय इंजीनियरिंग के ज़रिए रामेश्वरम को मुख्य भूमि से जोड़ता है। 2.07 किमी लंबे इस पुल में निर्बाध रेलवे और समुद्री आवागमन के लिए 72.5 मीटर का वर्टिकल लिफ्ट स्पैन है। बैराबी-सैरांग (2025): 51.38 किमी लंबी इस रेलवे लाइन ने चुनौतीपूर्ण पहाड़ी इलाकों से गुजरते हुए मिजोरम तक रेल संपर्क को मजबूत किया है। यह परियोजना 45 सुरंगों से होकर गुजरती है और पूर्वोत्तर के लिए एक महत्वपूर्ण अवसंरचनात्मक उपलब्धि है।

**सड़कें और राजमार्ग** साल 2014 से भारत के सड़क नेटवर्क में कई गुना वृद्धि हुई है, जिससे विभिन्न क्षेत्रों और आर्थिक गलियारों में संपर्क बेहतर हुआ है। 63.73 लाख किमी के साथ, भारत विश्व का दूसरा सबसे बड़ा सड़क नेटवर्क वाला देश है। राष्ट्रीय राजमार्गों की लंबाई में 61ल की वृद्धि हुई है, जो वित्त वर्ष 2014 में 91,287 किमी से बढ़कर मार्च 2026 में 1,46,566 किमी हो गई। चार लेन और उससे अधिक चौड़े राष्ट्रीय राजमार्गों की लंबाई 2014 में 18,371 किमी से बढ़कर 45,516 किमी हो गई। देशभर में कुल 3,644 किलोमीटर लंबाई के नियंत्रित-प्रवेश उच्च गति गलियारों/एक्सप्रेसवे का संचालन शुरू किया जा चुका है। राजमार्गों, सड़कों और बाईपास के लिए नीतियों द्वारा समर्थित पहलों का फोकस उच्च गति कॉरिडोर विकास, आर्थिक नोड कनेक्टिविटी और शहरी भीड़भाड़ को कम करने पर रहा। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (पीएमजीएसवाई) ने हर मौसम में इस्तेमाल होने वाली सड़क संरचना के माध्यम से ग्रामीण संपर्क को बदल दिया है, जिससे बाजारों, शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा और आर्थिक अवसरों तक पहुंच में सुधार हुआ है। इस कार्यक्रम के लिए बजटीय आवंटन 2014-15 में ?386 करोड़ से बढ़कर 2026-27 में ?19,000 करोड़ हो गया है। अब तक, इस कार्यक्रम के तहत 99.6ल पात्र घरों को जोड़ा जा चुका है। पूरी हुई सड़कों की लंबाई 2000-2014 के दौरान 3.86 लाख किलोमीटर से बढ़कर 2014-2026 के दौरान 4.11 लाख किलोमीटर हो गई। इसी अवधि में पूरे हुए पुलों की संख्या 484 से बढ़कर 10,293 हो गई। माल ढुलाई गलियारों और क्षेत्रीय संपर्क को मजबूत करने के लिए वर्ष 2017 में भारतमाला परियोजना को मंजूरी दी गई थी। इस योजना के तहत निर्मित आर्थिक गलियारों, सीमा सड़कों, तटीय सड़कों और एक्सप्रेसवे ने देश भर में माल ढुलाई को गति दी है। भारतमाला योजना के तहत 31 मार्च 2026 तक 22,590 किलोमीटर सड़कें पूरी हो चुकी हैं। इस योजना के अंतर्गत कई महत्वपूर्ण परियोजनाओं ने दुर्गम भूभागों और रणनीतिक क्षेत्रों में आवागमन को बेहतर बनाया है।

**12 वर्षों में महत्वपूर्ण परियोजनाएं:** ज़ेड-मोर/सोनमर्ग सुरंग (2025): 12 किलोमीटर लंबी सोनमर्ग सुरंग जम्मू और कश्मीर के हिमस्खलन और भूस्खलन संभावित हिस्सों से होकर हर मौसम में आवागमन की सुविधा प्रदान करती है। यह सुरंग लद्दाख की ओर आवागमन को सुगम बनाती है और साथ ही पर्यटन, स्थानीय आजीविका और क्षेत्रीय संपर्क को बढ़ावा देती है। सुदर्शन सेतु (2024): 2.32 किलोमीटर लंबा सुदर्शन सेतु गुजरात के ओखा को बेत द्वारका से जोड़ता है। इस पुल ने द्वीप तक पहुंच को बेहतर बनाया है, जिससे तीर्थयात्रा, पर्यटन और तटीय आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा मिला है। मैत्री सेतु (2021): फेनी नदी पर बना 1.9 किलोमीटर लंबा पुल त्रिपुरा को बांग्लादेश से जोड़ता है। इस परियोजना ने पूर्वोत्तर भारत के लिए रसद की दूरी कम की है, साथ ही क्षेत्रीय व्यापार और यात्री आवागमन को भी मजबूत किया। अटल सुरंग (2020): 9.02 किलोमीटर लंबी अटल सुरंग 10,000 फीट से अधिक ऊंचाई पर स्थित दुनिया की सबसे लंबी राजमार्ग सुरंग है। यह रोहतांग दर्रे को बाईपास करते हुए मनाली और लाहौल-स्पीति के बीच हर मौसम में आवागमन की सुविधा प्रदान करती है। यह सुरंग मनाली-सरचू की दूरी को 46 किलोमीटर कम कर देती है, जिससे हिमालयी क्षेत्रों में नागरिक और रणनीतिक आवागमन में सुधार होता है। डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी सुरंग (पूर्व में चेनानी-नाशरी सुरंग, 2017): 9 किलोमीटर लंबी यह सुरंग जम्मू और श्रीनगर के बीच हर मौसम में आवागमन की सुविधा प्रदान करती है। यह दुर्गम भूभाग को बाईपास करते हुए यात्रा की दूरी को 31 किलोमीटर और यात्रा समय को लगभग दो घंटे कम कर देती है। इस परियोजना से 2,000 से अधिक स्थानीय श्रमिकों को रोजगार मिला, जिनमें से लगभग 94ल जम्मू और कश्मीर के थे। धोला-सादिया पुल (2017): 9.15 किलोमीटर लंबा यह पुल असम और अरुणाचल प्रदेश के बीच पहला स्थायी सड़क संपर्क प्रदान करता है। यह रक्षा रसद सहित भारी वाहनों की आवाजाही को सुगम बनाता है और पूर्वोत्तर में क्षेत्रीय संपर्क को बेहतर बनाता है।

**पिछले वर्ष की प्रमुख सड़क परियोजनाएं** अहमदाबाद-धोलेरा एक्सप्रेसवे (गुजरात, 2026): 109 किलोमीटर लंबे इस एक्सप्रेसवे ने अहमदाबाद और धोलेरा के बीच संपर्क को बेहतर बनाया है। इसने यात्रा समय को कम किया, भीड़भाड़ को कम किया और धोलेरा क्षेत्र में रसद आवागमन को मजबूत किया। दिल्ली-देहरादून आर्थिक कॉरिडोर (2026): 213 किलोमीटर लंबे इस कॉरिडोर ने दिल्ली और देहरादून के बीच यात्रा का समय छह घंटे से घटाकर लगभग ढाई घंटे कर दिया है। इस परियोजना में पारिस्थितिक रूप से संवेदनशील क्षेत्र के भीतर एशिया का सबसे लंबा एलिवेटेड वन्यजीव कॉरिडोर शामिल है। द्वारका एक्सप्रेसवे का दिल्ली खंड (दिल्ली, 2025): 10.1 किलोमीटर लंबे इस खंड ने दिल्ली और एनसीआर में कनेक्टिविटी में सुधार किया और यातायात जाम को कम किया। इसमें आठ लेन की सुरंग और यशोभूमि, मेट्रो कॉरिडोर और हवाई अड्डे से सीधी कनेक्टिविटी शामिल है। शहरी विस्तार सड़क-द्वद्व (दिल्ली, 2025): 76 किलोमीटर लंबी यूईआर-द्वद्व को दिल्ली की तीसरी रिंग रोड के रूप में विकसित किया गया था।

## मालवीय रोड जैन मंदिर में संस्कार शिविर का 9वां दिन बच्चों, युवाओं और महिलाओं ने दिया धर्म ज्ञान का इम्तिहान



**रायपुर (विश्व परिवार)।** मालवीय रोड स्थित ऐतिहासिक श्री आदिनाथ दिगंबर जैन बड़ा मंदिर (लघु तीर्थ) में चल रहे 10 दिवसीय %ग्रीष्मकालीन श्रमण संस्कृति संस्कार शिक्षण शिविरके नौवें दिन ज्ञान को परखने का एक अद्भुत और अनुशासित दृश्य देखने को मिला। संत शिरोमणि आचार्य श्री 108 विद्यासागर जी महाराज की पावन प्रेरणा और श्री दिगंबर जैन श्रमण संस्कृति संस्थान, सांगानेर (जयपुर) के तत्वाधान में आयोजित इस शिविर में आज परीक्षा दिवस पर श्रावकों का अभूतपूर्व उत्साह नजर आया।

सुबह की शुरुआत जिन अभिषेक और शांतिधारा से शिविर के नवम दिवस की शुरुआत प्रतिदिन की भांति पूर्ण धार्मिक क्रियाओं के साथ हुई। सुबह ठीक 7:00 बजे नन्हे-मुन्ने शिविरार्थियों और श्रावकों द्वारा देव-शास्त्र-गुरु के पावन सानिध्य में देव वंदना की गई।

इसके पश्चात मंदिर जी में सामूहिक जिन अभिषेक एवं विश्व-शांतिधारा का मंगल पाठ पूरे विधि-विधान से संपन्न हुआ, जिससे पूरा मंदिर प्रांगण भक्तिमय भजनों और मंत्रोच्चार से गूंज उठा।

विगत 9 दिनों से जयपुर (सांगानेर) और स्थानीय विद्वानों द्वारा दिए जा रहे जैन धर्म, सदाचार और नैतिक शिक्षा के मूल्यांकन हेतु आज एक विशेष लिखित परीक्षा का आयोजन किया गया। इस परीक्षा को लेकर शिविरार्थियों में गजब की उत्सुकता देखी गई- नन्हे बच्चों ने %बाल बोध% (भाग 1, 2 व 3) में सीखे गए सिद्धांतों, माता-पिता की आज्ञा का पालन, मोबाइल से दूरी जैसे व्यावहारिक संस्कारों पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दिए।

प्रौढ़ एवं युवा वर्ग के स्वाध्यायियों ने प्रसिद्ध जैन ग्रंथ छहढाला और इष्टोपदेश के गूढ़ विषयों, जैसे- मिथ्यात्व का स्वरूप और लेश्याओं के सिद्धांत पर अपनी विद्वता का परिचय देते हुए परीक्षा दी। परीक्षा के दौरान पूरा मंदिर परिसर किसी पावन परीक्षा केंद्र की तरह अनुशासित नजर आ रहा था, जहाँ हर आयु वर्ग के लोग अपनी धार्मिक योग्यता को परख रहे थे। यह पूरा सत्र सांगानेर के प्रतिष्ठित विद्वान अभिषेक जैन शास्त्री आयांश, विद्वान शरद जैन शास्त्री एवं रायपुर के विद्वान सौरभ जैन शास्त्री के कुशल मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। कल होगा भव्य समापन और महा-पुरस्कार वितरण समारोह- श्री दिगम्बर जैन पंचायत ट्रस्ट (कार्य समिति) एवं आदिनाथ विद्या धार्मिक पाठशाला के पदाधिकारियों ने संयुक्त रूप से जानकारी दी कि कल इस 10 दिवसीय शिविर का भव्य समापन समारोह आयोजित किया जाएगा। समापन के अवसर पर सभी संभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किए जाएंगे, साथ ही आज की परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी बच्चों, युवाओं और महिलाओं को समाज के वरिष्ठ जनों द्वारा विशेष पुरस्कारों से सम्मानित किया जाएगा।

## आचार्य पदारोहण-सहस्त्रावधान एवं तपस्या महोत्सव की तैयारियां तेज, कोर कमेटी की बैठक में हुई विस्तृत चर्चा



**रायपुर (विश्व परिवार)।** राजधानी रायपुर के बूढ़ापारा स्थित इंडोर स्टेडियम में 16 से 18 जून 2026 तक सकल जैन समाज छत्तीसगढ़ एवं अखिल भारतीय खरतरगच्छ संघ के संयुक्त तत्वावधान में त्रिरत्न-महायज्ञ के रूप में भव्य आचार्य पदारोहण-सहस्त्रावधान एवं तपस्या महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। तीन दिवसीय इस धार्मिक महोत्सव में देशभर से बड़ी संख्या में जैन समाज के श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है। आयोजन को लेकर सकल जैन श्री संघ एवं महोत्सव समिति द्वारा लगातार तैयारियां की जा रही हैं और विभिन्न स्तरों पर बैठकों का दौर जारी है।

इसी क्रम में महोत्सव के सफल आयोजन को लेकर कोर कमेटी की बैठक मुख्य संरक्षक, विधायक एवं पूर्व मंत्री राजेश मूणत की उपस्थिति में आयोजित की गई। बैठक में तीन दिवसीय कार्यक्रमों की रूपरेखा, व्यवस्थाओं एवं आयोजन से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। इस अवसर पर राजेश मूणत ने आयोजन को सफल बनाने के लिए आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया। बैठक में महोत्सव समिति के अध्यक्ष सुनील पारख, संयोजक राजेश बुरड़, महासचिव अशोक कांकरिया, कोषाध्यक्ष बसंत झाबक, वरिष्ठ उपाध्यक्ष धरम भंसाली, विनोद बडजात्या, अमर बरलोटा सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे। वहीं, दादाबाड़ी रायपुर में महिला समितियों की बैठक भी आयोजित की गई, जिसमें विभिन्न मंडलों को अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंपी गई। महोत्सव की तैयारियों में महिलाओं और युवाओं की सक्रिय भागीदारी देखने को मिल रही है। बैठक में समिति के विनय पटवा, नरेश बुरड़, मेघराज कांकरिया, सुभाष कोठारी, अमित सुराणा, जितेन्द्र गोलछा, अजय संचेती, महावीर कोचर, आदित्य मोहन पारख, जय, दीपक भाई दोशी सहित महिला समिति की बड़ी संख्या में सदस्य उपस्थित रहे।

## श्रावक संस्कार शिविर में जीवन जीने की कला सीख रहे महिला पुरुष और बच्चे



**तालबेहट (ललितपुर)।** कसबे के वासुपूज्य दिगंबर जैन मंदिर में पं. मुकेश कुमार जैन शास्त्री के निर्देशन में 3 जून से 11 जून 2026 तक नौ दिवसीय श्रावक संस्कार शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें महिला पुरुष और बच्चे जीवन जीने की कला सीख रहे हैं। श्रवण संस्कृति संस्थान सांगानेर से पधारे सिद्धार्थ भैया रामटोरिया एवं अभिषेक भैया मैनवार के नेतृत्व में सुबह अभिषेक शांतिधारा के उपरांत तत्त्वार्थ सूत्र दोपहर में द्वादश वर्षीय पाठ्यक्रम एवं रात्रि में बच्चे के लिए बालबोध भाग -2 एवं बड़ों के लिए इष्टोपदेश की अलग-अलग कक्षाएँ संचालित हो रही हैं।

प्रतिदिन के सौभाग्यशाली श्रावक चयन एवं प्रश्नमंच के कार्यक्रम में बच्चों के साथ बड़ों में भी खूब उत्साह है। जिसमें भारतीय जैन मिलन एवं सकल दिगम्बर जैन समाज का सक्रिय सहयोग है। जैन मिलन के अध्यक्ष विशाल जैन पवा ने बताया सभी कक्षा की परीक्षा उपरांत 11 जून को शिविर का समापन होगा जिसमें सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र एवं श्रेष्ठतम को पुरस्कार प्रदान किए जाएँगे। मंदिर समिति के अध्यक्ष पुष्पेंद्र जैन विरधा ने सभी का आभार व्यक्त किया।

## दाहोद में 17 जून को दो महान तपस्वी संतों का पावन एवं ऐतिहासिक मंगल मिलन



**औरंगाबाद।** जैन समाज के लिए अत्यंत हर्ष, गौरव एवं आध्यात्मिक उल्लास का विषय है कि धर्मभूमि दाहोद में 17 जून 2026 को दो महान तपस्वी संतों का पावन एवं ऐतिहासिक मंगल मिलन संपन्न होने जा रहा है। इस अवसर पर आचार्य श्री 108 सुनील सागर जी महाराज ससंघ तथा अंतर्मना आचार्य श्री 108 प्रसन्न सागर जी महाराज ससंघ का भव्य समागम दाहोद की पुण्य धरा पर होगा।

इस दिव्य मिलन को लेकर संपूर्ण क्षेत्र में श्रद्धा, भक्ति और उत्साह का वातावरण बना हुआ है। समाज के श्रावक-श्राविकाएं, युवा एवं धर्मप्रेमी इस ऐतिहासिक क्षण के साक्षी बनने के लिए उत्सुक हैं। दोनों आचार्य भगवंतों का सान्निध्य धर्म, संयम, तप और आत्मकल्याण की प्रेरणा प्रदान करेगा। आचार्य श्री सुनील सागर जी महाराज का तप, त्याग और आध्यात्मिक साधना का जीवन तथा अंतर्मना आचार्य श्री प्रसन्न सागर जी महाराज का अहिंसा, संस्कार और मानवता का संदेश जन-जन के लिए प्रेरणास्रोत रहा है। ऐसे दो महान संतों का एक साथ मिलन निश्चित रूप से जैन समाज के लिए अविस्मरणीय एवं ऐतिहासिक अवसर बनेगा।

इस अवसर पर दाहोद नगर धर्ममय वातावरण से गुंजायमान होगा। श्रद्धालुओं द्वारा दोनों आचार्य भगवंतों के मंगल दर्शन, वंदना एवं आशीर्वाद प्राप्त करने हेतु विशेष तैयारियां की जा रही हैं।

## भीषण गर्मी में तपता हॉल, फिर भी 400 युवाओं की धर्म-पिपासा ने रचा इतिहास






**इन्दौर (विश्व परिवार)।** जब देश के अधिकांश हिस्से भीषण गर्मी की चपेट में हों, लोग कुछ क्षण भी वातानुकूलित वातावरण के बिना रहना कठिन समझते हों, तब मध्यप्रदेश की आर्थिक राजधानी इन्दौर में एक ऐसा दृश्य देखने को मिला जिसने धर्म, अध्ययन और युवा शक्ति को लेकर बनी अनेक धारणाओं को बदल दिया।

30 मई से 7 जून 2026 तक मोदीजी की नसिया, बड़ा गणपति, इन्दौर में आयोजित लब्धिसार अध्ययन शिविर में देशभर से लगभग 400 युवा सहभागी बने। इनमें लगभग 250 युवा इन्दौर के बाहर से आए थे। इस अवसर पर अनेक त्यागी व्रती जनों के साथ आचार्य श्री सुनीलसागरजी के शिष्य मुनिश्री संबुद्धसागर जी महाराज भी उपस्थित रहे। आश्चर्यजनक तथ्य यह रहा कि भीषण गर्मी के बावजूद ये युवा लोहे की चादरों से बने विशाल हॉल में बिना ए.सी. और कूलर के प्रतिदिन 6 से 7 घंटे तक बैठकर जैन दर्शन के अत्यंत गूढ़ विषय करणानुयोग का अध्ययन करते रहे। केवल सुनना ही नहीं, बल्कि अध्ययन, मनन, चर्चा और गृहकार्य के माध्यम से उसे आत्मसात करने का प्रयास भी किया।

आज जब अक्सर यह कहा जाता है कि युवा पीढ़ी धर्म और अध्यात्म से दूर होती जा रही है, तब यह शिविर उस धारणा के विपरीत एक जीवंत उदाहरण बनकर सामने आया।

## लाईवलीहुड कॉलेज में रोजगार मेला आज, 143 पदों के लिये होगा इंटरव्यू

**बलौदाबाजार (विश्व परिवार)।** जिले के शिक्षित युवाओं को निजी क्षेत्र में रोजगार का अवसर प्रदान करने हेतु जिला रोजगार कार्यालय बलौदाबाजार द्वारा लाईवलीहुड कॉलेज सकरी, बलौदाबाजार में 10 जून 2026 दिन बुधवार को रोजगार मेला का आयोजन किया जा रहा है। रोजगार मेला का आयोजन सुबह 11:00 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक आयोजित किया जायेगी। रोजगार मेला में निजी क्षेत्र में लगभग 143 पदों के लिये साक्षात्कार होगा। प्राप्त जानकारी अनुसार रोजगार मेला में नियोजक अल्ट्राटेक सीमेंट प्लांट कुकुरदी बलौदाबाजार द्वारा सेफ्टी स्टेवर्ड के 4 पद, बॉयलर ऑपरेटर 4 पद, इंस्ट्रूमेंट 7 पद, इलेक्ट्रिशियन 5 पद, फिटर 5 पद, शैक्षणिक योग्यता आईटीआई, डिप्लोमा सेफ्टी उत्तीर्ण एवं अनुभव 3 से 5 वर्ष, उम्र 24 से 26 वर्ष, वेतन योग्यता तथा पदानुसार एवं 12844 हजार तक, कार्यक्षेत्र अल्ट्राटेक सीमेंट प्लांट कुकुरदी, बलौदाबाजार होगा। न्यूविस्टा लिमिटेड रिसदा बलौदाबाजार द्वारा इंजीनियर के 1 पद, शैक्षणिक योग्यता बी.टेक केमिकल उत्तीर्ण एवं अनुभव 6 से 7 वर्ष, उम्र 30 से 35 वर्ष, योग्यतानुसार 25 से 30 हजार तक, कार्यक्षेत्र न्यूविस्टा लिमिटेड रिसदा बलौदाबाजार होगा। एसबीआई लाईफ इंश्योरेंस बलौदाबाजार द्वारा युनिट मैनेजर के 3 पद, लाईफ मित्र 30 पद, शैक्षणिक योग्यता 10वीं से स्नातक उत्तीर्ण एवं अनुभव 0 से 1 वर्ष, उम्र 18 से 40, वेतन पदानुसार कमिशन एवं 25 से 30 हजार रूपए, कार्यक्षेत्र बलौदाबाजार होगा। एनआईआईटी लिमिटेड बिलासपुर द्वारा असिस्टेंट मैनेजर के 30 पद, शैक्षणिक योग्यता स्नातक, डिप्लोमा, आईटीआई, पीएचडी, नेट एवं उच्च उत्तीर्ण एवं अनुभव 1 से 5 वर्ष, उम्र 18 से 40 वर्ष, वेतन 8 हजार से 17 हजार रूपए पदानुसार, कार्यक्षेत्र बलौदाबाजार।

## जल संकट के बीच रीवा में 5000 लीटर की दो टंकियां लगाई, मिली राहत



**आरंग (विश्व परिवार)।** भीषण गर्मी और गहराते जल संकट के बीच आरंग क्षेत्र के लोरिक नगर (गढ़रीवां) के ग्रामीणों के लिए राहत भरी खबर आई है। स्वयंसेवी संस्था पीपला वेलफेयर फाउंडेशन ने सामाजिक सरोकार की मिसाल पेश करते हुए ग्राम पंचायत के सहयोग से गांव में पानी सहेजने का एक बेहतरीन व्यवस्था की है। संस्था द्वारा गांव में करीब ?65,000 की लागत से 5-5 हजार लीटर की दो टंकियां स्थापित की गई हैं।

दरअसल, गांव के ट्यूबवेल के पास पानी के भंडारण (स्टोरेज) की व्यवस्था न होने के कारण रोजाना हजारों लीटर पानी व्यर्थ बह जाता था और ग्रामीणों को अपनी बारी के लिए लंबा इंतजार करना पड़ता था। इस गंभीर समस्या को देखते हुए पीपला फाउंडेशन के सदस्यों ने सरपंच घसियाराम साहू के सामने टंकी लगाने का प्रस्ताव रखा। पंचायत ने तत्काल सहमति देते हुए, पीएचई विभाग और ग्रामपंचायत के समन्वय से पाइपलाइन, पक्का चबूतरा और नलों की व्यवस्था कराई। इस साझा प्रयास से न केवल पानी की बर्बादी रुकी है, बल्कि मुख्य मार्ग पर स्थित होने के कारण रीवा के साथ-साथ लखौली और कुकरा के ग्रामीणों, राहगीरों और बेजुबान पशुओं के लिए भी पेयजल आसानी से सुलभ हो गया है। मंगलवार को ग्रामीण और फाऊंडेशन के सदस्यगण इस सुविधा का विधिवत शुभारंभ किया। इस अवसर पर ग्राम के सरपंच घसियाराम साहू, उपसरपंच सूरज साहू और फाउंडेशन के सदस्यों ने इस पहल को जनहित में एक मील का पत्थर बताया।

## विधायक पुरंदर मिश्रा की पहल पर कल जगन्नाथ मंदिर में पीएम मोदी के 12 स्वर्णिम वर्षों पर विशेष पूजा-अर्चना





**रायपुर (विश्व परिवार)।** राष्ट्रसेवा, सुशासन, गरीब कल्याण एवं विकसित भारत के संकल्प को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने वाले यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के ऐतिहासिक एवं गौरवशाली 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में रायपुर उत्तर विधानसभा द्वारा कल 10 जून को विशेष पूजा-अर्चना एवं मंगलकामना कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन प्रातः 9 बजे से 10 बजे तक गायत्री नगर स्थित श्री जगन्नाथ मंदिर में संपन्न होगा।

रायपुर उत्तर विधानसभा के लोकप्रिय विधायक श्री पुरंदर मिश्रा ने बताया कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बीते 12 वर्षों में भारत ने विकास, सुशासन, आत्मनिर्भरता, राष्ट्रीय सुरक्षा, आधारभूत संरचना, डिजिटल क्रांति, महिला सशक्तिकरण एवं गरीब कल्याण के क्षेत्र में अभूतपूर्व उपलब्धियां हासिल की हैं। आज भारत विश्व पटल पर एक सशक्त, आत्मविश्वासी और प्रभावशाली राष्ट्र के रूप में अपनी अलग पहचान स्थापित कर चुका है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी का नेतृत्व करोड़ों देशवासियों के लिए प्रेरणा का स्रोत है। उनके अथक परिश्रम, दूरदर्शी सोच और राष्ट्र प्रथम की भावना ने भारत को नई दिशा और नई ऊर्जा प्रदान की है। सेवा एवं समर्पण से परिपूर्ण उनके 12 वर्ष भारतीय लोकतंत्र के इतिहास में स्वर्णिम अध्याय के रूप में सदैव स्मरण किए जाएंगे।

इसी भावना के साथ भगवान श्री जगन्नाथ महाप्रभु के श्रीचरणों में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु, यशस्वी नेतृत्व एवं राष्ट्रहित में निरंतर कार्य करने की शक्ति प्रदान करने हेतु विशेष पूजा-अर्चना की जाएगी। साथ ही राष्ट्र की सुख-समृद्धि, प्रगति और जनकल्याण के लिए भी मंगलकामनाएं की जाएंगी।

कार्यक्रम में भाजपा जिला अध्यक्ष श्री रमेश सिंह ठाकुर, प्रदेश, जिला, मंडल, मोर्चा एवं प्रकोष्ठ के पदाधिकारी, जनप्रतिनिधिगण, वरिष्ठ कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में देवतुल्य कार्यकर्ता उपस्थित रहेंगे।

### सेवा, सुशासन एवं गरीब कल्याण के 12 वर्ष पूर्ण होने पर महिला मोर्चा करेगा मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना

**रायपुर (विश्व परिवार)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सेवा, सुशासन एवं गरीब कल्याण के गौरवशाली 12 वर्ष की उपलब्धियों को लेकर भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष विभा अवस्थी के आह्वान पर मोर्चा पदाधिकारी व कार्यकर्ता प्रदेशभर के प्राचीन एवं ऐतिहासिक मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना एवं राष्ट्र कल्याण प्रार्थना कार्यक्रम का कल 10 जून को आयोजन रखेंगीं। इस दौरान प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार की गौरवशाली उपलब्धियोंको जन-जन तक पहुँचाने का अभियान भी महिला मोर्चा के द्वारा चलाया जाएगा। भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती अवस्थी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश में हुए अभूतपूर्व विकास कार्यों, जनकल्याणकारी योजनाओं एवं भारत की वैश्विक प्रतिष्ठा में हुई वृद्धि के लिए आभार व्यक्त किया जाएगा।

## आयोग ने ग्राहक के खाते से काटी गईं राशि बैंक से वापस दिलाई

**बलौदाबाजार (विश्व परिवार)।** बैंक द्वारा ग्राहक के ओवर ड्राफ्ट खाते से बिना जानकारी राशि काटे जाने एवं सिबिल स्कोर खराब करने के मामले में जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग बलौदाबाजार द्वारा विरोधी पक्षकार बैंक को सेवा में कमी का दोषी मानते हुए परिवादी के खाते से काटी गई राशि में शेष राशि 87536 रूपये एवं उपभोक्ता को मानसिक शारीरिक क्षतिपूर्ति हेतु राशि 15000 तथा वाद-व्यय हेतु 7000 रूपये परिवादी को प्रदाय किये जाने का आदेश पारित किया गया। प्राप्त जानकारी अनुसार भाटापारा निवासी ब्रजमोहन आनंद द्वारा विरोधी पक्षकार एक्सिस बैंक भाटापारा में ओ.डी. खाता हेतु आवेदन दिया था जिस पर 5 वर्ष की अवधि के लिए खाता जारी किया गया। 3 माह पूर्व परिवादी द्वारा नवीनीकरण हेतु आवेदन दिया गया परंतु बैंक द्वारा नवीनीकरण करने के स्थान पर उक्त अकाउंट को लॉक कर दिया गया तथा खाते से 372915 कंडोलेटेड व 9072 एक्स्ट्रा चार्ज बाबत राशि काटी गई ब्याज राशि बाबत 197614 रूपये की कटौती की गई। परिवादी द्वारा शिकायत करने पर नौ माह पश्चात् 99000 वापस खाते में जमा कर दिया गया परन्तु शेष राशि वापस नहीं दिया गया। परिवादी का सिबिल स्कोर भी खराब कर दिया गया जिससे परिवेदित होकर परिवादी द्वारा जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग बलौदाबाजार में परिवाद प्रस्तुत किया गया। आयोग के अध्यक्ष रंजना दत्ता एवं सदस्यगण हरजीत सिंह चांवला व शारदा सोनी ने पेश दस्तावेजों एवं संबंधित नियम आदि का सूक्ष्मता से अध्ययन कर पाया कि परिवादी द्वारा शेष राशि जमा किये जाने हेतु विरोधी पक्षकार से विभिन्न तिथियों में निवेदन किया गया परंतु राशि जमा नहीं किया गया है।

## श्रीमती रत्ती बाई जैन का निधन



नगर के प्रतिष्ठित व्यवसाई/समाजसेवी श्री अशोक जैन (रतन सेल्स), श्री सुभाष चंद्र जैन बिरधा, श्री राजकुमार जैन बिरधा एवं श्री राकेश जैन (से. नि. मुख्य टिकट निरीक्षक रेलवे) की पूज्य माँ श्रीमती रत्ती बाई जैन (पत्नि - कीर्तिशेष सेठ रतन चंद्र जैन बिरधा) का आज लगभग 96 वर्ष की आयु में देहावसान हो गया है। उनकी अंतिम यात्रा आज 9 जून मंगलवार सांय 6.00 बजे धुरा बाजार ललितपुर स्थित श्री राकेश जैन (से. नि. मुख्य टिकट निरीक्षक रेलवे) के निवास से सुरई घाट ललितपुर ले जाई गई जहां उनका अंतिम संस्कार किया गया।

# शिक्षक एलबी संवर्ग का सेवा पुस्तिका एवं सीजीपीएफ पास बुक संधारण का कार्य हुआ तेज

## शिविर लगाकर युद्ध स्तर पर किया जा रहा है कार्य

**सूरजपुर ब्यूरो ( दैनिक विश्व परिवार )**- जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति की बैठक सूरजपुर में कलेक्टर द्वारा दिए निर्देश के पालन में जिले के सभी छः विकासखंड में विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी द्वारा विशेष पहल कर शिविर का आयोजन कर तीव्र गति से सेवा पुस्तिका का अवलोकन करा कर आवश्यक लेखा प्रक्रिया पूर्ण किया जा रहा है।

शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक में भी कलेक्टर रेना जमील के द्वारा शिक्षकों की समस्याओं का तुरंत निराकरण करने का निर्देश दिया गया था ।

जिले के सभी विकास खण्ड में कार्य आरंभ कर संधारण एवं द्वितीय प्रति प्रतिदिन तैयार किया जा रहा है विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी सूरजपुर हरेंद्र सिंह के द्वारा विशेष प्रयास कर संकुल वार तिथि के साथ समय सारिणी बनाकर नियमित रूप से संबंधित व्यक्ति एवं सीएसी की उपस्थिति में सेवा पुस्तिका एवं सीजीपीएफ पासबुक की आवश्यक इंट्री पूर्ण कराया जा रहा है ।

26 मई से 4 जून तक कुल 174 शिक्षकों को सेवा पुस्तिका का अवलोकन कराकर सीजीपीएफ का पास बुक संधारण कराया गया है जो



अत्यंत सराहनीय है।

टीचर्स एसोसिएशन के प्रदेश महामंत्री रंजय सिंह प्रदेश प्रचार सचिव अजय सिंह एवं जिलाध्यक्ष भूपेश सिंह ने बताया कि जिले की कलेक्टर के निर्देश एवं विशेष प्रयास से शिक्षकों की सेवा पुस्तिका संधारण एवं सीजीपीएफ पासबुक संधारण की समस्या का समाधान हो पा रहा है इस हेतु जिले की संवेदनशील कलेक्टर रेना जमील का प्रयास सराहनीय है संगठन इनका आभार व्यक्त करता है ।

सभी विकासखंड में विकास खण्ड शिक्षा अधिकारियों द्वारा विशेष प्रयास कर सेवा पुस्तिका संधारण एवं सीजीपीएफ पासबुक साधारण कार्य को पूर्ण किया जा रहा है यह भी सराहनीय है ।

जिलाध्यक्ष भूपेश सिंह एवं जिला पदाधिकारी चन्द्रविजय सिंह,रामचंद्र सोनी,सुरविंद गुर्जर,बिजेन्द्र साहू, गौरी शंकर पांडेय,अनुज राजवाड़े ने बताया कि जिले के सभी शिक्षक निर्धारित तिथि को उपस्थित होकर सेवा पुस्तिका की आवश्यक इंट्री को अनिवार्य रूप से अवलोकन कर पूर्ण करावे, इसके बाद विशेष प्रयास कर सभी के सेवा पुस्तिका का सत्यापन भी जल्द कराया जाएगा ।

टीचर्स एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष भूपेश सिंह ने यह भी बताया कि किसी भी प्रकार की समस्या होने पर टीचर्स एसोसिएशन के विकास खण्ड अध्यक्ष रामानुजनगर में पीतांबर सिंह मरावी,प्रतापपुर में नागेन्द्र सिंह,सूरजपुर में चंद्रदेव चक्रधारी, ओडगी में बिनोद केराम,भैयाथान में जितेंद्र सिंह,प्रेमनगर में रामबरन सिंह से संपर्क कर समस्या को रख सकते है सभी के द्वारा विकास खण्ड शिक्षा अधिकारियों से सम्पर्क कर कार्य पूर्ण कराने प्रयास किया जाएगा ।

# जिला प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश ने हत्या के मामले में दोषसिद्ध आरोपी को दी आजीवन कारावास एवं सहयोगी को 3 वर्ष की कठोर कारावास की सजा

**सूरजपुर ब्यूरो ( दैनिक विश्व परिवार )** पिछले 11 सितंबर वर्ष 2021 को ग्राम बलदेवनगर निवासी मनोज उरांव ने थाना प्रेमनगर में सूचना दिया कि बांगों बांध के डुबान छोटे छुरी में एक व्यक्ति का पैर पानी के ऊपर दिखाई दे रहा है जिसकी सूचना मिलने पर उसकी तस्दीक करने पुलिस मौके पर पहुंची जहां पानी में दिख रहे पैर को रस्सी फंसाकर बाहर निकाला गया जो अज्ञात व्यक्ति का शव मिला जिसके गले में रस्सी बंधा हुआ था। प्रेमनगर पुलिस ने शून्य में मर्ग कायम कर शव पंचनामा बाद पीएम के लिए भेजा। जांच के दौरान पुलिस के द्वारा मृतक की शिनाख्त किया कि वह सुरेन्द्र यादव पिता हीरासाय उम्र 22 वर्ष निवासी हनुमानगढ़, थाना रामानुजनगर है। मृतक के पी.एम. रिपोर्ट में डॉक्टर के द्वारा मृत्यु का कारण हत्यात्मक लेख किए जाने पर थाना प्रेमनगर में अज्ञात व्यक्ति के विरूद्ध अपराध क्रमांक 85/21 धारा 302, 201 भादवि के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया।




विवेचना में पाया गया कि 5 सितम्बर को मृतक अपने दीदी-जीजा के घर अम्बिकापुर गया था जहां से मृतक अपने जीजा सुखसाय उर्फगवटियां बरगाह के साथ उसके पुत्र को लेने विध्यांचल गए थे और दूसरे दिन सुखसाय अपने लड़के को लेकर वापस अम्बिकापुर आया जहां पत्नी के द्वारा सुरेन्द्र के बारे में पूछने पर प्रेमनगर से उतरकर अपने घर चले जाना बताया जिस पर आरोपी सुखसाय को गिरफ्तार किया गया। जो खुलासा हुआ कि विध्यांचल स्थित मकान में 5 सितम्बर की रात्रि में सुरेन्द्र के पिता का मेडिकल दस्तावेज को फाड देने पर दोनों के बीच में वाद-विवाद हुआ इसी बीच लकड़ी पराठी उठाकर सुरेन्द्र के सिर में मारा और रस्सी से गला दबाकर हत्या कर दिया और बोरे में भरकर साइकिल में रखकर पिता महाबीर बरगाह के साथ साक्ष्य छुपाने के उद्धेश्य से छोटे छुरी बांध के डुबान में ले जाकर पत्थर बांधकर शव एवं साइकिल को फेंक दिया। मामले में दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर प्रकरण के विवेचक एसआई निर्मल राजवाड़े द्वारा पुख्ता साक्ष्य संकलित कर आरोप पत्र माननीय प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश न्यायालय सूरजपुर में पेश किया। अभियोजन की ओर से पैरवी विशेष लोक अभियोजक रमेश सिंह कुशवाहा के द्वारा की गई। इस मामले की सुनवाई विद्धान न्यायाधीश श्री मानवेन्द्र सिंह प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश सूरजपुर के यहां हुई। माननीय न्यायालय ने मामले की सुनवाई पूरी कर निर्णय दिनांक 5 जून 2026 में समग्र तथ्यों के आधार पर दोषसिद्ध सुखसाय उर्फ गंवटिया को धारा 302 भारतीय दण्ड संहिता के आरोप में आजीवन कारावास, धारा 201, 34 भादसं. के आरोप में 3 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 200 रूपये का अर्थदण्ड, दोषसिद्ध महावीर को धारा 201, 34 भारतीय दण्ड संहिता के आरोप में 3 वर्ष का सश्रम कारावास व 100 रूपये के अर्थदण्ड से दंडित किया है।

# बाईक से कोयला परिवहन करते 6 वाहन एवं रेत परिवहन में संलिप्त टिपर जप्त, प्रकरण दर्ज



**सूरजपुर ब्यूरो ( दैनिक विश्व परिवार )** कलेक्टर श्रीमती रेना जमील के निर्देशानुसार जिले में अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भण्डारण करने वालों पर खनिज विभाग द्वारा लगातार सख्त कार्यवाही की जा रही है। खनिज अमला एवं जिला स्तरीय टास्कफोर्स द्वारा खनिजों के खनन, परिवहन एवं भण्डारण से प्रभावित क्षेत्रों में निरंतर निगरानी रखी जा रही है।

इसी क्रम में 07 जून 2026 को खनिज अमला सूरजपुर द्वारा तहसील सूरजपुर क्षेत्रांतर्गत ग्राम पचिरा से मानी चौक मार्ग पर खनिज वाहनों की जांच की गई। जांच के दौरान ग्राम बेलटिकरी के पास खनिज कोयला लोड कर अवैध परिवहन करते हुए कुल 06 नग बाईक से लगभग 5 टन कोयला जप्त कर पुलिस थाना सूरजपुर के सुरक्षार्थ रखा गया। इसके साथ ही ग्राम राजापुर, हर्राटिकरा एवं आसपास के क्षेत्रों से खनिज रेत के अवैध परिवहन में संलिप्त 03 टिपरों के मालिकों पर अवैध परिवहन का प्रकरण दर्ज कर नियमानुसार कार्यवाही की गई। इसी प्रकार दिनांक 08 जून 2026 को राजापुर रेत खदान क्षेत्र के औचक निरीक्षण के दौरान खनिज रेत के अवैध परिवहन में संलिप्त 02 टिपर वाहनों की जप्ती की कार्यवाही की गई। उक्त वाहनों के मालिकों के विरूद्ध खनिज नियमानुसार प्रकरण दर्ज करते हुए जप्त खनिज सहित वाहनों को पुलिस थाना जयनगर के सुरक्षार्थ रखा गया है।

# जनदर्शन कार्यकम में शाला विकास प्रबंध समिति अध्यक्ष बाबूलाल यादव ने विद्यालय की जर्जर भवन छत मरम्मत की मांग रखी






**सूरजपुर ब्यूरो ( दैनिक विश्व परिवार )**-सूरजपुर जिला के विकासखंड सूरजपुर के ग्राम रामनगर स्थित हायर सेकेंडरी स्कूल की जर्जर छत की मरम्मत को लेकर शाला विकास प्रबंध समिति के अध्यक्ष बाबू लाल यादव ने जन् दर्शन में मांग रखी।

जन्म दर्शन में सौंप गए मांग पत्र में बाबूलाल यादव ने उल्लेख किया है कि ग्राम रामनगर, जिला सूरजपुर (छ0ग0) में स्थित शासकीय हायर सकेण्ड्री स्कूल के छत मरमत अथवा शेड निर्माण कराये छात्रों के हित में अति आवश्यक है। ग्राम रामनगर स्थित शासकीय हायर सकेण्ड्री स्कूल का निर्माण आज से लगभग 20-22 वर्ष पूर्व में हुआ था जिसमें कक्षा-9 से कक्षा-12 वी तक की कक्षाये की लगती है स्कूल काफी पुराना हो गया है, जिस कारण स्कूल के छत से बरसात के दिनों में पानी टपकता रहता है, व छत का सीमेन्ट गिरने की स्थिति में है, स्कूल के शिक्षक कक्षाये भाई एवं दरके बीच ली जाती है,यदि स्कूल का छत गिर जाता है, तो वहां पढ़ने वाले विद्यार्थीयों एवं टीचरों को जान का खतरा आये दिन बना हुआ है, जिस कारण उपरोक्त स्कूल के छत का मरमत व शेड का निर्माण किये जाने छात्र-छात्राएं एवं शिक्षकों के हित में होगा। प्रबंध समिति ने कलेक्टर से आग्रह किया है कि इस मुद्दे को गंभीरता से लेते हुए स्कूल के छत का मरमत व शेड निर्माण कराये ।

# किसानों को गुणवत्तायुक्त खाद-बीज उपलब्ध कराने कृषि विभाग का सघन निरीक्षण अभियान जारी

**सूरजपुर ब्यूरो ( दैनिक विश्व परिवार )**जिले में किसानों को गुणवत्तायुक्त खाद, बीज एवं कीटनाशक उपलब्ध कराने के उद्देश्य से कृषि विभाग द्वारा सहकारी समितियों एवं निजी विक्रय केन्द्रों का लगातार निरीक्षण किया जा रहा है। कलेक्टर सूरजपुर के निर्देशन एवं उप संचालक कृषि के मार्गदर्शन में जिलेभर में उर्वरकों के भण्डारण एवं वितरण व्यवस्था की सतत निगरानी की जा रही है।

इसी क्रम में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व सूरजपुर श्रीमती शिवानी जायसवाल एवं उर्वरक निरीक्षक श्री अशोक सोनवानी, कृषि विकास अधिकारी द्वारा डबल लॉक विश्रामपुर एवं सूरजपुर, समिति जयनगर, समिति कन्दरई तथा निजी उर्वरक विक्रय केन्द्र मेसर्स महानंद राय अग्रवाल का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान मेसर्स महानंद राय अग्रवाल द्वारा अभिलेखों के संधारण, बिल बुक एवं अन्य आवश्यक दस्तावेजों में अनियमितता पाए जाने पर संबंधित संस्था को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया।



वहीं विकासखंड प्रतापपुर में उर्वरक निरीक्षक श्री शिवशंकर यादव द्वारा विभिन्न उर्वरक विक्रय केन्द्रों का निरीक्षण किया गया। जांच के दौरान तायल ट्रेडर्स, गर्ग ट्रेडिंग कम्पनी, रामबिलास कृषि सेवा केन्द्र, श्याम ट्रेडर्स, किसान सेवा केन्द्र एवं कृषि रक्षा केन्द्र प्रतापपुर में उर्वरक गुण नियंत्रण आदेश 1985 के विभिन्न प्रावधानों का उल्लंघन पाए जाने पर सभी संबंधित विक्रेताओं को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। कृषि विभाग के अनुसार अब तक जिले के 95 उर्वरक विक्रय केन्द्रों का निरीक्षण किया जा चुका है। निरीक्षण के दौरान 8 विक्रय केन्द्रों के लाइसेंस 21 दिनों के लिए निलंबित किए गए हैं तथा विक्रय प्रतिबंध लगाकर कारण बताओ नोटिस भी जारी किए गए हैं।

कृषि विभाग ने स्पष्ट किया है कि शासन द्वारा निर्धारित दर से अधिक मूल्य पर खाद की बिक्री, कालाबाजारी, जमाखोरी अथवा अन्य अनियमितताओं पर जिला एवं विकासखंड स्तरीय निगरानी दल द्वारा सख्त कार्रवाई की जाएगी। विभाग ने किसानों से अपील की है कि यदि कहीं खाद-बीज की अधिक कीमत वसूली जा रही हो या किसी प्रकार की अनियमितता दिखाई दे तो इसकी सूचना तत्काल निकटस्थ कृषि विभाग कार्यालय को दें।

विभाग ने कहा है कि किसानों को निर्धारित दर पर गुणवत्तायुक्त बीज एवं उर्वरकों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए निरीक्षण अभियान लगातार जारी रहेगा तथा नियमों का उल्लंघन करने वाले विक्रेताओं के विरुद्ध उर्वरक नियंत्रण आदेश 1985 एवं आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 के तहत कड़ी प्रशासनिक, कानूनी एवं दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

# प्रदेशव्यापी छत्तीसगढ़ किसान कांग्रेस के आह्वान पर जिला कांग्रेस कमेटी सूरजपुर ने कलेक्टर का किया घेराव

## 12 सूत्री मांगों को तत्काल पूर्ण करने हेतु मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन ।

**सूरजपुर ब्यूरो ( दैनिक विश्व परिवार )**-जिला किसान कांग्रेस द्वारा सौंपे गए ज्ञापन में प्रति एकड़ खाद के कटौती का तुगलकी फरमान तत्काल वापस करने तीन बार में खाद देने की अव्यवहारिक नीति को बंद करने डीजल पेट्रोल की सुलभ आपूर्ति करने जरकिन में तेल लेने पर लगी पाबंदी हटाने बिजली की बढ़ती दर को वापस करने किसानों को मुफ्त बिजली प्रदान करने खाद की कालाबाजारी पर तत्काल रोक लगाने और पूरे प्रदेश में एक निश्चित दर किए जाने की मांग केसीसी ऋण की राशि प्रति एकड़ ?40000 किए जाने की मांग कृषि उपज की एक मुशत राशि का भुगतान किए जाने विभाग योजना में पारदर्शिता एवं लंबित अनुदान का त्वरित भुगतान सुनिश्चित करने की मांग की गई है। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ किसान कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष श्री विमलेश तिवारी सूरजपुर जिले के प्रभारी द्वय प्रदेश महासचिव श्री जसवंत सिंह जी प्रदेश महासचिव श्री बृजेश मिश्रा जी



छत्तीसगढ़ किसान कांग्रेस के प्रदेश महासचिव श्री दीपक मानिकपुरी जी छत्तीसगढ़ किसान कांग्रेस के प्रदेश महासचिव श्री दिलीप सोनी जी छत्तीसगढ़ किसान कांग्रेस के प्रदेश सचिव श्री बालेश्वर नेम जी छत्तीसगढ़ किसान कांग्रेस के प्रदेश सचिव श्री देवेश राजवाड़े जी सूरजपुर जिला किसान कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री सचिंद्र पाठक जी सूरजपुर जिला किसान कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष श्री लक्ष्मण राजवाड़े जी जिला किसान कांग्रेस कमेटी के महामंत्री श्री वेद प्रकाश मिश्रा जी जिला सेवा दल के अध्यक्ष श्री आनंद चौधरी जी ब्लॉक अध्यक्ष रामानुज नगर श्री राजेश्वर प्रजापति जी ब्लॉक अध्यक्ष प्रेम नगर श्री बसराम सिंह जी ब्लॉक अध्यक्ष सूरजपुर ग्रामीण श्री रितेश तिवारी जी ब्लॉक अध्यक्ष प्रतापपुर श्री विनोद नेताम जी ब्लॉक अध्यक्ष सूरजपुर शहरी श्री नूर सलाम जी ब्लॉक अध्यक्ष साल का श्री उमेश मिश्रा जी ब्लॉक अध्यक्ष लाटोरी श्री उमाशंकर चौधरी जी जिला उपाध्यक्ष इंद्रजीत शर्मा कमल सिंह कोराम जिला महामंत्री बृजलाल लकड़ा सीताराम साहू राजेंद्र साहू जिला महामंत्री अनिल मिश्रा जिला सचिव बघोलन राम जी रिजवान खान जी जिला उपाध्यक्ष सुपारी लाल राजवाड़े जी फुलेश्वरी सिंह जी मातेश्वरी वैष्णो जी सुशील उइके जी श्री बिंदेश्वर कुशवाहा जी श्री कुलेश्वर राजवाड़े जी श्री दिलकेश्वर प्रसाद जी सहित सैकड़ो की संख्या में किसान कांग्रेस के पदाधिकारी एवं कार्यकर्तागण मौजूद थे।

## संक्षिप्त समाचार

### हेलियोन द्वारा भारत में अपनी पहली फैक्ट्री स्थापित करने के लिए 2000 करोड़ रुपये का निवेश किया जाएगा

**नई दिल्ली:** कंज़्यूमर हैल्थ में ग्लोबल मार्केट लीडर, हेलियोन ने आज भारत में अपनी पहली मैन्युफैक्चरिंग फैक्ट्री स्थापित करने की अपनी योजना के बारे में बताया। यह अत्याधुनिक फैक्ट्री पीथमपुर, मध्य प्रदेश में स्थापित किया जाएगी। स्मार्ट इंडस्ट्रियल पार्क में 40 एकड़ से अधिक क्षेत्र में फैली यह फैक्ट्री भारत के कंज़्यूमर हैल्थ सेक्टर में एक अहम निवेश होगी, जिससे एक महत्वपूर्ण बाजार के रूप में भारत के प्रति हेलियोन की प्रतिबद्धता प्रदर्शित होती है। इस निवेश की घोषणा मध्य प्रदेश के माननीय मुख्य मंत्री, श्री मोहन यादव, हेलियोन के चीफ एग्ज़िक्यूटिव ऑफिसर, ब्रायन मैकनामारा, हेलियोन आईएससी के सीईओ इंडिया और अध्यक्ष- केदार लेले तथा हेलियोन की चीफसप्लाई चेन ऑफिसर, नम्रता पटेल की मौजूदगी में की गई। यह निवेश भारत में हेलियोन के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। इससे सप्लाई चेन को और अधिक मजबूती मिलेगी, राष्ट्रीय आर्थिक मुल्यसंवर्धन बढ़ाने में मदद मिलेगी। यह निवेश भारत सरकार के मेक इन इंडिया अभियान के अनुरूप है। इससे अगले दशक में काफी अधिक आर्थिक मूल्य प्राप्त होगा। यह एक्सपोर्ट की प्रतिस्पर्धात्मकता बढ़ाएगा, राज्य के राजस्व में योगदान देगा तथा भारत को ग्लोबल सप्लाई चेन में शामिल करेगा। इस फैक्ट्री से 500 से ज़्यादा नौकरियों तक का निर्माण होने की उम्मीद है। साथ ही, अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसर भी उत्पन्न होंगे। फैक्ट्री में कौशल विकास, स्थानीय प्रतिभाओं को बढ़ावा देने तथा सप्लायर ईकोसिस्टम पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। हेलियोन का उद्देश्य अपने फैक्ट्री में एक व्यापक और समावेशी कार्यबल का निर्माण करना है, जिसमें कार्यबल में 30 प्रतिशत तक महिलाओं की भागीदारी हासिल करने की योजना है।

### जेप्टो लिमिटेड ने आईपीओ के लिए सेबी के पास दाखिल किया यूडीआरएचपी-I

भारत के सबसे तेजी से बढ़ते क्विक कॉमर्स प्लेटफॉर्मों में से एक जेप्टो लिमिटेड ने भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के पास अपना यूडीआरएचपी-I (अपडेटेड ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस-I) दाखिल किया है। रेडसीर रिपोर्ट के अनुसार, वित्त वर्ष 2024 से वित्त वर्ष 2026 के बीच ऑर्डर वॉल्यूम के आधार पर स्केल्ड क्विक कॉमर्स प्लेटफॉर्मों में जेप्टो सबसे तेजी से बढ़ने वाला प्लेटफॉर्म रहा है। प्रस्तावित आईपीओ में 8,010 करोड़ रुपये तक का फ्रेश इश्यू तथा 5 रुपये अंकित मूल्य वाले 11,34,66,566 इक्विटी शेयरों का ऑफर फॉर सेल (ओएफएस) शामिल है। वित्त वर्ष 2024 से 2026 के दौरान जेप्टो का ऑर्डर वॉल्यूम लगभग 119.50 प्रतिशत की चक्रवृद्धि वार्षिक वृद्धि दर (CAGR) से बढ़ा, जो उद्योग की वृद्धि दर से काफी अधिक है। कंपनी का मुख्य फोकस क्विक कॉमर्स व्यवसाय है और इसका लक्ष्य ग्राहकों को अत्यंत तेज़ डिलीवरी उपलब्ध कराना है। 31 मार्च 2026 तक जेप्टो के प्लेटफॉर्म पर औसतन 46,623 एसकेयू (फलों एवं सब्जियों से लेकर घरेलू इलेक्ट्रॉनिक्स और कॉस्मेटिक्स तक) सूचीबद्ध थे। कंपनी के मर्चेंट पार्टनर्स 1,139 डार्क स्टोर्स के नेटवर्क के माध्यम से इन उत्पादों की बिक्री करते हैं।

### टाटा एआईजी का नया 'मेडिकेयर रिज़र्व', 5 करोड़ रुपये तक के कवरेज के साथ एक लचीला सुपर टॉप-अप प्लान

**मुंबई :** भारत की एक प्रमुख जनरल इंश्योरेंस कंपनी, टाटा एआईजी जनरल इंश्योरेंस कंपनी ने 'मेडिकेयर रिज़र्व' लॉन्च किया है। यह एक नया और आधुनिक स्वास्थ्य बीमा समाधान है। जैसे-जैसे ग्राहकों की ज़रूरतें बदलती हैं, वैसे-वैसे वे अपनी हेल्थ सुरक्षा को और मजबूत कर सकें, इस तरह इसे डिज़ाइन किया गया है। यह प्लान एक सुपर टॉप-अप स्ट्रक्चर पर बना है। इसकी सबसे बड़ी खासियत इसका 'वेवर ऑफ एग्रीगेट डिडक्टिबल' का अनोखा फायदा है। इसके तहत, जो पॉलिसीधारक इसके योग्य होंगे, वे लगातार 5 साल तक पॉलिसी चलाने के बाद किसी नए मेडिकल टेस्ट या दोबारा कागजी जांच के बिना, सीधे एक पूरी सुरक्षा देने वाली हेल्थ इंश्योरेंस पॉलिसी में बदल सकते हैं। इसमें 'एग्रीगेट डिडक्टिबल' चुनने के लिए 3 लाख रुपये से लेकर 50 लाख रुपये तक और कुल बीमा राशि चुनने के लिए 5 लाख रुपये से लेकर 5 करोड़ रुपये तक के विकल्प मिलते हैं। यह सुविधा ग्राहकों को अपनी ज़रूरत के अनुसार कवरेज तय करने की छूट देती है, ताकि वे अपनी पहले से मौजूद हेल्थ इंश्योरेंस पॉलिसी और अपने बजट के हिसाब से इसे चुन सकें।'मेडिकेयर रिज़र्व' में 'ट्रांसीकेयर वॉलेट' की भी सुविधा है। एक वैकल्पिक लाभ है और नौकरी बदलने के दौरान आपको आर्थिक सुरक्षा देता है। इसके अलावा, इस प्लान में 'पॉकेट प्रोटेक्ट' शामिल है, जो लंबे समय तक अस्पताल में भर्ती रहने के दौरान जेब से होने वाले खर्चों को संभालने में मदद करता है।

बाजार चौक, चंगोराभाठा में आयोजित छत्तीसगढ़ी लोक गीत व 'सुआ-सामूहिक नृत्य' कार्यक्रम में शामिल हुए सांसद बृजमोहन

# छत्तीसगढ़ की संस्कृति, मीठी बोली और कलाकारों का डंका पूरे देश-दुनिया में बज रहा है : सांसद बृजमोहन अग्रवाल

■ सांसद ने 'पैरी के धार' ग्रुप की जोशी बहनों और कलाकारों की थपथपाई पीठ



**रायपुर (विश्व परिवार)।** रायपुर के चंगोराभाठा स्थित बाजार चौक में आयोजित भव्य छत्तीसगढ़ी लोक गीत एवं सामूहिक सुआ नृत्य कार्यक्रम में रायपुर के लोकप्रिय सांसद श्री बृजमोहन अग्रवाल मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए।

कार्यक्रम में उपस्थित जनसैलाब को छत्तीसगढ़ी में संबोधित करते हुए सांसद श्री अग्रवाल ने प्रदेश की समृद्ध लोक संस्कृति, मीठी बोली (गुरतूर भाषा) और यहाँ के पारंपरिक कलाकारों की जमकर सराहना की।

सांसद श्री बृजमोहन अग्रवाल ने कार्यक्रम में अपनी शानदार प्रस्तुति देने वाले प्रसिद्ध %पैरी के धार% ग्रुप की जोशी बहनों और उनकी पूरी टीम का ताली बजवाकर स्वागत और अभिनंदन किया।

उन्होंने कहा कि यह बहुत ही गर्व की बात है कि हमारी जोशी बहनें और %पैरी के धार% की पूरी टीम लगातार छत्तीसगढ़ की लोक कला और संस्कृति को पूरे देश और दुनिया में बिखेर रही है। बिना किसी व्यावसायिक लालच के जनता को अपनी माटी के रंग से जोड़ना और ऐसा सुंदर कार्यक्रम दिखाना वास्तव में सराहनीय है।

अपने पुराने दिनों को याद करते हुए श्री अग्रवाल ने कहा कि उन्हें पूर्व में 15 वर्षों तक प्रदेश के संस्कृति मंत्री के रूप में सेवा करने का अवसर मिला। इसके अलावा साल 1990 से ही वे लगातार छत्तीसगढ़ के स्थानीय कलाकारों और यहाँ की सांस्कृतिक विरासत को आगे बढ़ाने के काम में जुटे हुए हैं। आज हमारे कलाकारों की बदौलत ही देश के कोने-कोने में छत्तीसगढ़िया संस्कृति का गौरव बढ़ रहा है।

**दिल्ली में चमकेगा छत्तीसगढ़ का नाम**

क्षेत्र की जनता के प्रति अपना आभार व्यक्त करते हुए भावुक अंदाज में सांसद ने कहा कि, आप सभी ने पहले मुझे 8 बार विधायक और 5 बार मंत्री बनाकर जनसेवा का मौका दिया। अब आप लोगों ने मुझे दिल्ली में देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के पास (सांसद बनाकर) भेजा है। मैं आप सभी को विश्वास दिलाता हूँ कि दिल्ली के मंच पर भी छत्तीसगढ़ का नाम रोशन करने और इसके विकास के लिए मैं कोई कसर नहीं छोड़ूँगा। कार्यक्रम में जोन अध्यक्ष श्री अमर अग्रवाल जी, पार्षद श्रीमती यादराम, युवा मोर्चा के महामंत्री श्री राज गायकवाड जी, श्री केदार धंगड़ जी, श्री छगन चौबे जी, श्री कृष्ण दुबे जी, श्री रामप्रसाद जी सहित अनेक गणमान्य नागरिक शामिल थे।

# अवैध होर्डिंग्स के खिलाफ जीरो टालरेंस की नीति अपनाई जाएगी: आयुक्त संबित मिश्रा



**रायपुर (विश्व परिवार)।** नगर पालिक निगम रायपुर के आयुक्त श्री संबित मिश्रा द्वारा शहर की विज्ञापन व्यवस्था को सुदृढ़, सुरक्षित और व्यवस्थित बनाने के लिए तहत नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की शक्तियों का उपयोग करते हुए उपायुक्त राजस्व सह अधीक्षक विज्ञापन और समस्त जोन आयुक्त को विज्ञापन (पंजीयन एवं विनियमन) उप-विधियां 2012 के अंतर्गत नए अधिकार और जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं।

इस आदेश के तत्काल क्रियान्वयन को सुनिश्चित करने के लिए आज नगर निगम मुख्यालय में उपायुक्त राजस्व की अध्यक्षता में सभी जोन आयुक्त (जोन 1 से 10) की बैठक आहुत की गई। बैठक में नगर निगम रायपुर के सभी 10 जोनों के जोन आयुक्त और राजस्व विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

उपायुक्त राजस्व डॉ अंजलि शर्मा ने सभी जोन आयुक्तों को शहर में लगे किसी भी प्रकार के अवैध होर्डिंग्स पर सख्त कार्यवाही करते हुए नियमानुसार जब्त करने अवैध विज्ञापनकर्ताओं पर नियमानुसार जुर्माना (शास्ति) लगाये जाने के निर्देश दिये।

जन-सुरक्षा, तकनीकी मानक एवं सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए तथा आगामी वर्षा ऋतु को दृष्टिगत रखते हुए सभी होर्डिंग्स की संरचनात्मक स्थिरता (स्ट्रक्चरल स्टाबिलिटी) की जांच करने के साथ 50 फीट से अधिक परिमाप के होर्डिंग्स या संवेदनशील स्थानों पर लगे विज्ञापनों के लिए विज्ञापनकर्ताओं से प्रमाणित स्ट्रक्चरल इंजीनियर का सुरक्षा प्रमाण-पत्र अनिवार्य रूप से प्राप्त किये जाने के निर्देश दिये गये।

# कैट छत्तीसगढ़ ने व्यापारिक संगठनों से शुरू किया व्यापारी संवाद



**रायपुर (विश्व परिवार)।** देश के सबसे बड़े व्यापारिक संगठन कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (ष्टद्भञ्ज) के राष्ट्रीय वाईस चेयरमेन श्री अमर पारवानी, छत्तीसगढ़ इकाई के चेयरमेन श्री जितेन्द्र दोशी, श्री विक्रम सिंहदेव, अध्यक्ष श्री परमानंद जैन, वाइस चेयरमेन श्री सुरिन्दर सिंह, श्री जीवत बजाज, महामंत्री श्री अवनीत सिंह, कोषाध्यक्ष श्री विजय पटेल, कार्यकारी अध्यक्ष श्री राजेंद्र जग्गी, श्री वासु माखीजा, श्री राम मंधान, श्री भरत जैन, श्री राकेश ओचवानी एवं श्री शंकर बजाज ने संयुक्त रूप से बताया कि कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (CAIT) छत्तीसगढ़ द्वारा प्रदेश के व्यापारियों एवं व्यापारिक संगठनों के साथ संवाद, समन्वय और समस्याओं के समाधान के उद्देश्य से CAIT व्यापारी संवाद अभियान की शुरुआत की गई है।

# राज्य मंत्रिमंडल के फैसले को कांग्रेस ने बताया जनविरोधी

**रायपुर (विश्व परिवार)।** साय मंत्री मंडल के द्वारा राज्य के पावर ट्रांसमिशन कंपनी को स्टाक मार्केट में लिस्टेड करने के निर्णय का कांग्रेस ने विरोध किया है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि साय सरकार प्रदेश के स्वामित्व वाली सरकारी कंपनी को शेयर मार्केट में लिस्टेड करके शेयर के माध्यम से उसको निजीकरण की ओर ले जाने का प्रयास कर रही है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि छत्तीसगढ़ की विद्युत कंपनिया आत्मनिर्भर है, तथा बिजली बनाने का पूरा संसाधन राज्य के पास उपलब्ध है। राज्य में बनने वाली बिजली को वितरण का काम पावर ट्रांसमीशन कंपनी के पास है। सरकार इसका शेयर निकालकर उद्योगपतियो को पिछले दरवाजे से बेचने का प्रयास कर रही है। इस बात से इंकार नहीं किया जा सकता कि राज्य विद्युत वितरण कंपनी को अडानी को सौंपने के उद्देश्य से इसका शेयर निकाला जा रहा है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि मंत्री मंडल ने खरीफ फसल में 15000 देने का निर्णय किसानों से छलावा है।

# तुलसीपुर में बनेगा नाला, महापौर ने किया भूमिपूजन



**राजनांदगांव (विश्व परिवार)।** नगर निगम द्वारा वार्डो में विभिन्न विकास कार्य कराये जा रहे है। विकास कार्य कडी में आज वार्ड नं. 16 तुलसीपुर में अधोसंरचना मद अंतर्गत 25.00 लाख रूपये की लागत से नाला निर्माण करने महापौर श्री मधुसूदन यादव ने निगम अध्यक्ष व वार्ड पार्षद श्री टोपेन्द्र सिंह पारस वर्मा, लोक निर्माण विभाग के प्रभारी सदस्य श्री सावन वर्मा, कनिष्ठ सभापति श्री संदीप बघेल, पूर्व पार्षद श्री मुकेश ध्रुव, समाजसेवी श्री सुमित भाटिया, पूर्व नामांकित पार्षद श्री संजय लडवन सहित वार्डवासियो की उपस्थिति में श्रीफल फोडकर गैती चलाकर भूमिपूजन किया।

भूमिपूजन अवसर पर महापौर श्री यादव ने कहा कि शासन द्वारा संस्कारधानी में विकास कार्य कराने अधोसंरचना, अधोसंरचना उपकर निधि अंतर्गत नगर निगम में स्वीकृति दिये थे। शासन स्वीकृति एवं विधायक डॉ. रमन सिंह तथा सांसद श्री संतोष पाण्डे की अनुशंसा पर उनकी निधि अंतर्गत विभिन्न विकास कार्य वार्डो में कराए जा रहे है। उन्होंने कहा कि वार्ड 16 के लिए स्वीकृत राशि से 25 लाख रूपये की लागत से तुलसीपुर रेल्वे क्रासिंग से डॉ. बंधे तक नाला निर्माण करने आज भूमिपूजन किया जा रहा है। उक्त कार्य जल्द प्रारंभ किया जाएगा, ताकि बारिश में वार्ड का पानी आसानी से निकल सके।

# जोन 7 के सुशासन तिहार शिविर में आमजनों ने 603 आवेदन दिए



**रायपुर (विश्व परिवार)।** आज रायपुर नगर पालिक निगम जोन क्रमांक 7 अंतर्गत आने वाले सभी 7 वार्डों के लिए पं. दीनदयाल उपाध्याय आडिटोरियम में सुशासन तिहार 2026 अंतर्गत जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया।

इसके अतिरिक्त सुशासन तिहार शिविर में रायपुर नगर निगम जोन क्रमांक 7 के सभी विभागों सहित रायपुर जिले के विभिन्न 15 से अधिक शासकीय विभागों के अधिकारीगण और कर्मचारीगण की उपस्थिति रही, यह रायपुर नगर निगम क्षेत्र में जोनवार लगाए गए सुशासन तिहार शिविर में अंतिम और दसवां शिविर आयोजन रहा। सुशासन तिहार 2026 शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा आमजनों से 521 मांग एवं 82 शिकायत से संबंधित कुल 603 आवेदन प्राप्त किये गए, इसमें 259 आवेदन तत्काल निराकृत किये गए।

# 26/11 के अनसुने नायकों को सलाम: मुख्यमंत्री साय 'भारत भाग्य विधाता' की प्री-लॉन्च स्क्रीनिंग में हुए शामिल



**रायपुर (विश्व परिवार)।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय आज राजधानी रायपुर के जोरा मॉल में आयोजित 'भारत भाग्य विधाता' फिल्म की प्री-लॉन्च स्क्रीनिंग सेरेमनी में शामिल हुए। इस अवसर पर उनकी धर्मपत्नी श्रीमती कौशल्या साय एवं परिजन भी उपस्थित थे। कार्यक्रम में प्रख्यात अभिनेत्री एवं सांसद सुश्री कंगना रनौत, फिल्म के निर्देशक श्री मनोज तापड़िया सहित फिल्म जगत से जुड़े कलाकार, जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि यह छत्तीसगढ़ के लिए बड़े सौभाग्य का विषय है कि सुश्री कंगना रनौत की फिल्म 'भारत भाग्य विधाता' की स्क्रीनिंग प्रदेश में आयोजित हो रही है और इस अवसर पर वे स्वयं यहां पधारी हैं। उन्होंने कहा कि माता कौशल्या की जन्मभूमि और भगवान श्रीराम के ननिहाल छत्तीसगढ़ में सुश्री कंगना रनौत का हार्दिक स्वागत और अभिनंदन है।

मुख्यमंत्री श्री साय ने फिल्म से जुड़े सभी कलाकारों, तकनीकी विशेषज्ञों और पूरी टीम को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह एक ऐसी कहानी है, जो उन अनसुने और अनदेखे नायकों को सम्मान देती है, जिनके असाधारण योगदान को अक्सर पर्याप्त पहचान नहीं मिल पाती। उन्होंने कहा कि आज इस स्क्रीनिंग में सुश्री कंगना रनौत और उनकी टीम के साथ स्वास्थ्य विभाग की बहनों की उपस्थिति इस फिल्म की भावना को और अधिक सार्थक बनाती है।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि यह गर्व की बात है कि फिल्म के निर्देशक श्री मनोज तापड़िया छत्तीसगढ़ की माटी के पुत्र हैं। उन्होंने यहां जन्म लिया, यहीं पले-बढ़े और लंबे समय तक मुंबई में रहकर इस महत्वपूर्ण विषय पर आधारित फिल्म की कहानी लिखी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि 26 नवंबर 2008 को मुंबई में हुए आतंकी हमले में पाकिस्तानी आतंकवादियों द्वारा निर्दोष लोगों पर अंधाधुंध गोलीबारी की गई, जिसमें अनेक लोगों की जान गई। उस कठिन समय में अस्पतालों में कार्यरत महिला नर्सों, डॉक्टरों और अन्य स्वास्थ्यकर्मियों ने अपने प्राणों की परवाह किए बिना सैकड़ों लोगों की जान बचाई और घायलों की सेवा की।

# मनरेगा के डबरी से बंजर भूमि हुई सिंचित वनांचल के किसान की बढ़ी आमदनी



**बलौदाबाजार (विश्व परिवार)।** मनरेगा से लोगों की आर्थिक स्थिति सुदृढ़ होने के साथ ही स्थायी परिसम्पत्ति का निर्माण भी हो रहा है। मनरेगा के तहत निर्मित डबरी के पानी का उपयोग फसल सिंचाई में होने से बंजर भूमि में फसल की बेहतर पैदावार और उत्पादन में वृद्धि हुई जिससे किसान की आमदनी भी बढ़ी। आस -पास के क्षेत्र में वाटर रिचार्ज भी हुआ। विकासखंड कसडोल के दूरस्थ ग्राम पंचायत मुढीपार के आश्रित ग्राम भोथाही में अधिकांश जनजाति परिवार रहते है।यहां के लोग मुख्य रूप से वनोपज, कृषि एवं मनरेगा मजदूरी पर निर्भर रहते है। इसी गांव की अनुसूचित जनजाति परिवार की हितग्राही सवित्री धर्नुहार ने अपने वन अधिकार पट्टा जमीन पर वर्ष 2025 में मनरेगा से डबरी निर्माण कराया है।

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार उप तहसील खोरपा, जिला रायपुर (छ.ग.)**

**इश्तिहार**

**ग्राम सोनपैरी प0ह0नं0 02**
**रा0प्र0क्र0 / अ-74 वर्ष 2025-26**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक **पुजा अग्रवाल पति रवि अग्रवाल निवासी शांति नगर बिलासपुर तहसील व जिला बिलासपुर छ0ग0** द्वारा **ग्राम सोनपैरी प.ह.नं. 02 रा.नि.मं. खोरपा** उप **तहसील खोरपा जिला रायपुर छ0ग0 में स्थित भूमि ख0नं0 900/4 रकबा 0.0976 हे0** भूमि राजस्व अभिलेख में आवेदक के नाम पर दर्ज है। उक्त भूमि का नक्शा बटांकित नही हुआ है। आवेदक द्वारा उक्त भूमि का नक्शा बटांकन किये जाने बाबत् आवेदन इस न्यायालय मे पेश किया गया है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति / संस्था / समूह को कोई दावा आपत्ति हो तो वे अपना दावा आपत्ति आवेदन इस न्यायालय में नियत पेशी **तारीख 12/06/2026** तक न्यायालयीन समय में स्वत: अथवा अपने वैध अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर पेश कर सकते है, नियत तारीख के बाद प्राप्त आपत्ति आवेदन पर विचार नहीं किया जायेगा ।

मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से आज **दिनांक 29/05/2026** को जारी किया गया।

**अति तहसीलदार**
**उप तहसील खोरपा**
**जिला रायपुर ( छ.ग. )**

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार उप तहसील खोरपा, जिला रायपुर (छ.ग.)**

**इश्तिहार**

**ग्राम सोनपैरी प0ह0नं0 02**
**रा0प्र0क्र 0 / अ-74 वर्ष 2025-26**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक **अंकुर सक्सैना पिता डी0पी0 सक्सैना निवासी शांति नगर बिलासपुर तहसील व जिला बिलासपुर छ0ग0** द्वारा **ग्राम सोनपैरी प.ह.नं. 02 रा.नि.मं. खोरपा उप तहसील खोरपा जिला रायपुर छ0ग0** में **स्थित भूमि ख0नं0 901/2 रकबा 0.0976 हे0** भूमि राजस्व अभिलेख में आवेदक के नाम पर दर्ज है। उक्त भूमि का नक्शा बटांकित नही हुआ है। आवेदक द्वारा उक्त भूमि का नक्शा बटांकन किये जाने बाबत् आवेदन इस न्यायालय मे पेश किया गया है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति / संस्था / समूह को कोई दावा आपत्ति हो तो वे अपना दावा आपत्ति आवेदन इस न्यायालय में नियत पेशी **तारीख 12/06/2026** तक न्यायालयीन समय में स्वत: अथवा अपने वैध अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर पेश कर सकते है, नियत तारीख के बाद प्राप्त आपत्ति आवेदन पर विचार नहीं किया जायेगा ।

मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से आज **दिनांक 29/05/2026** को जारी किया गया।

**अति तहसीलदार**
**उप तहसील खोरपा**
**जिला रायपुर ( छ.ग. )**

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार उप तहसील खोरपा, जिला रायपुर (छ.ग.)**

**इश्तिहार**

**ग्राम सोनपैरी प0ह0नं0 02**
**रा0प्र0क्र0 / अ-74 वर्ष 2025-26**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक **कांतिलाल एम जैन पिता मूलचंद जैन निवासी दिपक नगर दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग छ0ग0 द्वारा ग्राम सोनपैरी प.ह.नं. 02 रा.नि.मं. खोरपा उप तहसील खोरपा जिला रायपुर छ0ग0** में स्थित **भूमि ख0नं0 889/2, 900/7 रकबा क्रमश: 0.0611, 0.0365 हे0** भूमि राजस्व अभिलेख में आवेदक के नाम पर दर्ज है। उक्त भूमि का नक्शा बटांकित नही हुआ है। आवेदक द्वारा उक्त भूमि का नक्शा बटांकन किये जाने बाबत् आवेदन इस न्यायालय मे पेश किया गया है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति / संस्था / समूह को कोई दावा आपत्ति हो तो वे अपना दावा आपत्ति आवेदन इस न्यायालय में नियत पेशी **तारीख 12/06/2026** तक न्यायालयीन समय में स्वत: अथवा अपने वैध अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर पेश कर सकते है, नियत तारीख के बाद प्राप्त आपत्ति आवेदन पर विचार नहीं किया जायेगा ।

मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से आज **दिनांक 29/05/2026** को जारी किया गया।

मुहर

**अति तहसीलदार**
**उप तहसील खोरपा**
**जिला रायपुर ( छ.ग. )**

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार उप तहसील खोरपा, जिला रायपुर (छ.ग.)**

**इश्तिहार**

**ग्राम सोनपैरी प0ह0नं0 02**
**रा0प्र0क्र0 / अ-74 वर्ष 2025-26**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक **सुनील ओटवानी पिता दामोदर प्रसाद ओटवानी निवासी शांति नगर बिलासपुर तहसील व जिला बिलासपुर छ0ग0** द्वारा **ग्राम सोनपैरी प.ह.नं. 02 रा.नि.मं. खोरपा उप तहसील खोरपा जिला रायपुर छ0ग0** में **स्थित भूमि ख0नं0 900/6 रकबा 0.0488 हे0** भूमि राजस्व अभिलेख में आवेदक के नाम पर दर्ज है। उक्त भूमि का नक्शा बटांकित नही हुआ है। आवेदक द्वारा उक्त भूमि का नक्शा बटांकन किये जाने बाबत् आवेदन इस न्यायालय मे पेश किया गया है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति / संस्था / समूह को कोई दावा आपत्ति हो तो वे अपना दावा आपत्ति आवेदन इस न्यायालय में नियत पेशी **तारीख 12/06/2026** तक न्यायालयीन समय में स्वत: अथवा अपने वैध अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर पेश कर सकते है, नियत तारीख के बाद प्राप्त आपत्ति आवेदन पर विचार नहीं किया जायेगा ।

मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से आज **दिनांक 29/05/2026** को जारी किया गया।

**अति तहसीलदार**
**उप तहसील खोरपा**
**जिला रायपुर ( छ.ग. )**

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार उप तहसील खोरपा, जिला रायपुर (छ.ग.)**

**इश्तिहार**

**ग्राम सोनपैरी प0ह0नं0 02**
**रा0प्र0क्र0 / अ-74 वर्ष 2025-26**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक **राकेश शर्मा पिता एस एम शर्मा निवासी नर्मदा नगर बिलासपुर तहसील व जिला बिलासपुर** द्वारा **ग्राम सोनपैरी प.ह.नं. 02 रा0नि0म0** खोरपा उप तहसील खोरपा स्थित भूमि **ख0नं0 899/2 रकबा 0.1022 हे0 भूमि ख. नं. 905/3** आवेदक के नाम पर दर्ज है। उक्त भूमि का नक्शा बटांकित नहीं है। आवेदक द्वारा आवेदित भूमि का नक्शा बटांकन किये जाने बाबत आवेदन इस न्यायालय मे पेश किया गया है। तत्संबंध में प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधिन है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति / संस्था / समूह को कोई दावा आपत्ति हो तो वे अपना दावा आपत्ति आवेदन इस न्यायालय में नियत **पेशी तारीख 23/06/2026** तक न्यायालयीन समय में स्वत: अथवा अपने वैध अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर पेश कर सकते है, नियत तारीख के बाद प्राप्त आपत्ति आवेदन पर विचार नहीं किया जायेगा ।

किया गया। मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से आज **दिनांक 08/06/2026** को जारी

मुहर

**अति तहसीलदार**
**उप तहसील खोरपा**
**जिला रायपुर ( छ.ग. )**

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार उप तहसील खोरपा, जिला रायपुर (छ.ग.)**

**इश्तिहार**

**ग्राम सोनपैरी प0ह0नं0 02**
**रा0प्र0क्र 0 / अ-74 वर्ष 2025-26**

सूचित किया जाता है कि आवेदक **सुमन सेठ पति हर्षि सेठ निवासी खम्हारडीह, रायपुर तहसील व जिला रायपुर छ0ग0** द्वारा ग्राम **सोनपैरी प.ह.नं. 02 रा.नि.मं. खोरपा उप तहसील खोरपा जिला रायपुर छ0ग0** में **स्थित भूमि ख0नं0 906/3 रकबा 0.0295 हे0** भूमि राजस्व अभिलेख में आवेदक के नाम पर दर्ज है। उक्त भूमि का नक्शा बटांकित नही हुआ है। आवेदक द्वारा उक्त भूमि का नक्शा बटांकन किये जाने बाबत् आवेदन इस न्यायालय में पेश किया गया है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति / संस्था / समूह को कोई दावा आपत्ति हो तो वे अपना दावा आपत्ति आवेदन इस न्यायालय में नियत पेशी **तारीख 12/06/2026** तक न्यायालयीन समय में स्वत: अथवा अपने वैध अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर पेश कर सकते है, नियत तारीख के बाद प्राप्त आपत्ति आवेदन पर विचार नहीं किया जायेगा ।

मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से आज **दिनांक 29/05/2026** को जारी किया गया।

मुहर

**अति तहसीलदार**
**उप तहसील खोरपा**
**जिला रायपुर ( छ.ग. )**

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार उप तहसील खोरपा, जिला रायपुर (छ.ग.)**

**इश्तिहार**

**ग्राम सोनपैरी प0ह0नं0 02**
**रा0प्र0क्र0 / अ-74 वर्ष 2025-26**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक **सुनील ओटवानी पिता दामोदर प्रसाद ओटवानी निवासी शांति नगर बिलासपुर तहसील व जिला बिलासपुर छ0ग0 द्वारा ग्राम सोनपैरी प.ह.नं. 02 रा.नि.मं. खोरपा उप तहसील खोरपा जिला रायपुर छ0ग0** में स्थित भूमि **ख0नं0 891/2 रकबा 0.0959 हे0** भूमि राजस्व अभिलेख में आवेदक के नाम पर दर्ज है। उक्त भूमि का नक्शा बटांकित नही हुआ है। आवेदक द्वारा उक्त भूमि का नक्शा बटांकन किये जाने वाबत् आवेदन इस न्यायालय मे पेश किया गया है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति / संस्था / समूह को कोई दावा आपत्ति हो तो वे अपना दावा आपत्ति आवेदन इस न्यायालय में नियत पेशी **तारीख 12/06/2026** तक न्यायालयीन समय में स्वत: अथवा अपने वैध अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर पेश कर सकते है, नियत तारीख के बाद प्राप्त आपत्ति आवेदन पर विचार नहीं किया जायेगा ।

मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से आज **दिनांक 29/05/2026** को जारी किया गया।

मुहर

**अति तहसीलदार**
**उप तहसील खोरपा**
**जिला रायपुर ( छ.ग. )**

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार उप तहसील खोरपा, जिला रायपुर (छ.ग.)**

**इश्तिहार**

**ग्राम सोनपैरी प0ह0नं0 02**
**रा0प्र0क्र0 / अ-74 वर्ष 2025-26**
**एतद् द्वारा सर्व साधारण को**

सूचित किया जाता है कि आवेदक **सुमन सेठ पति हर्षि सेठ निवासी खम्हारडीह, रायपुर तहसील व जिला रायपुर छ0ग0** द्वारा **ग्राम सोनपैरी प.ह.नं. 02 रा.नि.मं. खोरपा उप तहसील खोरपा जिला रायपुर छ0ग0** में स्थित **भूमि ख0नं0 903/2 रकबा 0.0350 हे0** भूमि राजस्व अभिलेख में आवेदक के नाम पर दर्ज है। उक्त भूमि का नक्शा बटांकित नही हुआ है। आवेदक द्वारा उक्त भूमि का नक्शा बटांकन किये जाने बाबत् आवेदन इस न्यायालय मे पेश किया गया है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था/समूह को कोई दावा आपत्ति हो तो वे अपना दावा आपत्ति आवेदन इस न्यायालय में नियत पेशी **तारीख 12/06/2026** तक न्यायालयीन समय में स्वत: अथवा अपने वैध अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर पेश कर सकते है, नियत तारीख के बाद प्राप्त आपत्ति आवेदन पर विचार नहीं किया जायेगा ।

मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से आज **दिनांक 29/05/2026** को जारी किया गया।

मुहर

**अति तहसीलदार**
**उप तहसील खोरपा**
**जिला रायपुर ( छ.ग. )**


छत्तीसगढ़ शासन
12 साल विश्वास के, विकास के, जनकल्याण के
स्वास्थ्य को सुरक्षा कवच
2.46 करोड़+ हितग्राहियों को मिली स्वास्थ्य सुरक्षा
Har Ghar Jal
Jal Jeevan Mission
पेयजल हर आंगन
41 लाख+ परिवारों को मिला नल कनेक्शन
धुआं छंटा, मुस्कान खिली
38 लाख+ महिलाओं को मिला गैस कनेक्शन
नक्सलमुक्त भारत, नक्सलमुक्त छत्तीसगढ़
बस्तर से सशस्त्र माओवाद का अंत
प्रधान मंत्री आवास योजना-ग्रामीण
Pradhan Mantri Awaas Yojana-Gramin
छप्पर की जगह पक्की छत
26 लाख+ परिवारों के पक्के आवासों की स्वीकृति
शक्ति का सम्मान
68 लाख+ महिलाओं को महतारी वंदन योजना के तहत सालाना ₹12 हजार की आर्थिक सहायता
सम्मान की सौगात
24 लाख+ किसानों को सालाना ₹6,000 की आर्थिक सहायता
वित्तीय समावेशन
1.87 करोड़+ हितग्राहियों के जन धन खाते खुले
मोदी की गारंटी से
आगे बढ़ता छत्तीसगढ़
श्री विष्णु देव साय, माननीय मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़
SAMVAD-48100/119